www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 343 । नर्मदापुरम, शुक्रवार 21 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

बिहार के चोर गिरोह ने डाला इटारसी में डेरा, किराये के मकान में रहते और ट्रेन में चोरी करते — पृष्ठ 2
- ज्यादा चतुर है क्या एआई का नया टूल ग्रोक?
- 23 मार्च, 1931 को 24 वर्षीय भगत सिंह की शहादत में छिपे तथ्यों की व्याख्या — पृष्ठ 4
- 181 प्रस्तावों में से 172 पर बनी सहमति — पृष्ठ 6

सबके जीवन में खुशहाली लाना ही हमारा मूल लक्ष्य — पृष्ठ 8

# छत्तीसगढ़ में 30 नक्सली मारे गए, 1 जवान शहीद

- बीजापुर में 26, कांकेर में 4 शव मिले
- कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए



**बीजापुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए। बीजापुर की मुठभेड़ में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान भी शहीद हुआ है।

बस्तर के आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि घटनास्थल से नक्सलियों के शव और कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इधर, तीसरी घटना में नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हो गए। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस को गंगालूर इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया। फोर्स एक दिन पहले एंड्री इलाके में पहुंच गई थी। गुरुवार की सुबह यहां मुठभेड़ हुई।

## 'नक्सल मुक्त भारत अभियान' में मिली बड़ी कामयाबी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के मारे जाने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 'नक्सल मुक्त भारत अभियान' में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। उन्होंने ये भी कहा कि अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सल मुक्त हो जाएगा।छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षाबलों को गुरुवार को बड़ी सफलता मिली।

संसद में नारे लिखी टीशर्ट पहनकर पहुंचे

# परिसीमन के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला हुए नाराज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बजट सत्र के सातवें दिन गुरुवार को डीएमके और कई विपक्षी सांसद नारे लिखी टी शर्ट पहनकर संसद में पहुंचे। विपक्ष की नारेबाजी और नियमों के उल्लंघन के कारण लोकसभा और राज्यसभा में कोई भी कामकाज नहीं हो सका। संसद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा में डीएमके के सांसद जो टीशर्ट पहनकर पहुंचे थे, उस पर केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ लिखा था– तमिलनाडु लड़ेगा और जीतेगा। इसे देखकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## सरकार केवल भ्रमित कर रही : कनिमोझी

सुश्री कनिमोझी ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, हमारे नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन परिसीमन और उससे राज्यों के हितों पर संभावित प्रभाव के बारे में चिंता जताते आ रहे हैं। इसलिए हम चाहते हैं कि परिसीमन निष्पक्ष तरीके से हो। हम यह भी चाहते हैं कि केंद्र सरकार इस मामले में स्पष्टीकरण दे, लेकिन सरकार हमें केवल भ्रमित कर रही है।

## सार-समाचार

### युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का हुआ तलाक

**मुंबई, एजेंसी।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के बीच तलाक हो गया है। बांद्रा फैमिली कोर्ट ने दोनों की तलाक अर्जी पर अपनी मंजूरी दे दी। कोर्ट की सुनवाई के खत्म होने के बाद दोनों पक्षों के वकीलों ने इसकी जानकारी दी। युजवेंद्र चहल के वकील नितिन गुप्ता ने कहा कि दोनों की शादी खत्म हो गई है। कोर्ट ने तलाक की अर्जी स्वीकार कर ली है और अब दोनों का तलाक हो गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा की 'कूलिंग-ऑफ अवधि को माफ करने की मांग' वाली याचिका को स्वीकार किया था।

### अमेरिका-रूस बैठक में शामिल नहीं होगा यूक्रेन

**मॉस्को, एजेंसी।** यूक्रेन रविवार को सऊदी अरब में होने वाली अमेरिका और रूसी प्रतिनिधिमंडलों के बीच वार्ता में भाग नहीं लेगा। 'द गार्जियन' अखबार ने यूक्रेनी राष्ट्रपति के सलाहकार मिखाइलो पोडोल्याक के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि पोडोल्याक ने स्वीकार किया कि यूक्रेन से जुड़ी आगे की वार्ता कब होगी, यह जानने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के नतीजों का इंतज़ार करना जरूरी होगा।

### अमेरिका में भारतीय शोधकर्ता गिरफ्तार, निर्वासन का खतरा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में शोध कर रहे भारतीय मूल के बदर खान सूरी को आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया है और वकील के अनुसार सूरी को निर्वासित किया जा सकता है। पोलिटिको ने सूरी के वकील के हवाले से बताया कि, बदर खान सूरी को सोमवार को वर्जीनिया राज्य के वाशिंगटन उपनगर में उनके घर के बाहर नकाबपोश अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया, जिन्होंने उन्हें बताया कि उनका छात्र वीजा रद्द कर दिया गया है। सूरी जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में पोस्ट-डॉक्टरल फेलो थे, जहां वे 'दक्षिण एशिया में बहुसंख्यकवाद और अल्पसंख्यक अधिकार' पर एक पाठ्यक्रम पढ़ा रहे थे।

### जम्मू-कश्मीर में भाजपा नेता ने की आत्महत्या

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भाजपा नेता फकीर मोहम्मद खान की आत्महत्या पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे बेहद दुखद घटना बताते हुए कहा कि यह खबर सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा, रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अपने सर्विस हथियार का इस्तेमाल करके यह कदम उठाया। मुझे उनके परिवार के प्रति संवेदना है और मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें शांति मिले। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किस परेशानी के कारण उन्होंने ऐसा कदम उठाया।

विधानसभा में परिवहन घोटाले को लेकर हुआ भारी हंगामा

# सरकार ने सीबीआई जांच की मांग ठुकराई, विपक्ष ने किया बहिर्गमन



**भोपाल, देशबन्धु।** परिवहन घोटाले को लेकर विधानसभा में आज विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर सदन से बहिर्गमन भी किया।

इस मुद्दे पर लाए गए ध्यानाकर्षण पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि इस घोटाले से जुड़े सौरभ शर्मा के मामले में आरोपियों पर समुचित कार्रवाई नहीं हुई है। 52 किलो सोना और 10 करोड़ के नकदी के बारे में आज तक पता नहीं लग पाया कि यह किसका है। चैकिंग के नाम पर नाकों पर अवैध वसूली हो रही है। परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों पर कहा कि पहले से जो जांच हो रही है, उसका परिणाम आने दें, उससे पहले कैसे आरोप लगा सकते हैं। सक्षम एजेंसियां इस पूरे मामले में जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सौरभ शर्मा की नियुक्ति नियमों से की गई थी। उसकी तरफ से जो शपथ पत्र लगाया गया था उनके परिवार में कोई भी सरकारी नौकरी में नहीं, ये बाद में गलत पाया गया, लेकिन उस वक्त किसी ने शपथ पत्र पर आपत्ति नहीं की। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि चेक पोस्ट पर अनियमितताओं को लेकर सौरभ शर्मा उसके ठिकाने और ऑफिस पर छापेमारी की गई। विवेचना के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

परिवहन मंत्री ने कहा-

## एजेंसियां पता लगा रही हैं पैसा और सोना किसका




परिवहन मंत्री उदय प्रताप ने कहा कि जांच एजेंसी पता लगा रही है कि पैसा और सोना किसका है, जब पाइंट पर पहुंच जाएंगे, तब आपको भी पता चल जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार हर तरह से इन जांच एजेंसी को सहयोग कर रही है। हम ऐसा सिस्टम बना रहे है जो पूरी तरह पारदर्शी हो। विपक्ष द्वारा सीबीआई जांच को लेकर परिवहन मंत्री ने कहा कि मौजूदा जांच एजेंसियों की जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक दूसरी जांच एजेंसी को जांच देना उचित नहीं है।

## क्या अधिकारी को हटाना ही भ्रष्टाचार खत्म करना है



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सवाल किया कि क्या अधिकारी को हटाना ही भ्रष्टाचार खत्म करना है। क्या पिछले परिवहन आयुक्त ने घोटाला नहीं किया होगा। विभाग के प्रमुख सचिव से जवाब तलब किया, केंद्रीय एजेंसियां आकर कार्रवाई कर रही हैं। गाड़ी, फॉर्म हाउस किसके हैं? सब पता है, लेकिन सोना और पैसा किसका यह अब तक पता नहीं। नेता प्रतिपक्ष ने विधानसभा की कमेटी या सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई की जांच मांग की। सिंघार ने कहा कि 2013 से जितने परिवहन मंत्री रहे उनकी जांच क्यों नहीं हुई?

## हेमंत ने दिखाए शपथ पत्र, विजयवर्गीय बोले- पूर्व मंत्रियों के नाम नहीं लिए जा सकते





उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने सदन में पूर्व परिवहन मंत्रियों के नाम और उनके चुनाव के समय संपत्तियों को लेकर शपथ पत्र दिखाए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि किसी भी पूर्व मंत्री का नाम नहीं लिया जा सकता है। विजयवर्गीय ने दोनों पूर्व परिवहन मंत्रियों के नाम कार्यवाही से विलोपित करने को कहा। हेमंत कटारे ने कहा कि विधानसभा से मुझे जो जवाब मिला उसमें कई नोटशीट गायब कर दी, कुछ नोटशीट ब्लैंक आई हैं। सौरभ शर्मा का नियुक्ति पत्र मेरे पास ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

कांग्रेस ने फिर किया अनोखा प्रदर्शन

## कुंभकर्ण बन कर पहुंचे विधायक, नेता प्रतिपक्ष ने बीन बजाकर जगाया



विधानसभा परिसर में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में एक कांग्रेस विधायक ने जहां कुंभकर्ण का भेष रखा, वहीं कुछ दूसरे विपक्षी विधायकों ने बीन बजाकर प्रतीकात्मक तरीके से कुंभकर्ण को जगाया। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि वे प्रदेश में हो रहे घोटालों और भ्रष्टाचार को लेकर ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री ने तराना में नर्मदा-क्षिप्रा सिंचाई परियोजना का किया लोकार्पण, कहा-

# मप्र नदियों का मायका, हर खेत तक पानी पहुंचाने का हो रहा कार्य



- 30 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगा पानी
- 11 नल जल परियोजनाओं का लोकार्पण

**उज्जैन/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, यहां 250 से अधिक नदियां है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नदी जोड़ो परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ किया है। पार्वती-कालीसिंध- चंबल परियोजना को लेकर मध्यप्रदेश और राजस्थान में 20 वर्षों से विवाद चल रहा था। अब विवाद समाप्त हो गया है और परियोजना मूर्त रूप ले रही है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश राज्यों में सहमति के बाद केन-बेतवा लिंक परियोजना पर कार्य प्रारंभ हो गया है। नदी जोड़ो अभियान के तहत यहां हर खेत तक पानी पहुंचाने का कार्य हो रहा है। प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी दो बहुउद्देशीय बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं का श्रीगणेश हुआ है।

डॉ. यादव आज तराना में 2 हजार 489 करोड़ 65 लाख की नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देश्य माइक्रो बहुउद्देशीय परियोजना के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परियोजना के शुभारंभ के साथ ही 30 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने 10 गाय पालने वालों को भी अनुदान राशि और दुग्ध उत्पादकों को 5 रूपये प्रति लीटर अनुदान देने का निर्णय लिया है। हमारा उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में राज्य को नंबर वन बनाना है। समारोह को उज्जैन जिला प्रभारी एवं कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरिगिरी , सांसद अनिल फिरोजिया ने भी संबोधित किया।

## आगामी लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं को मिलेगा 33 प्रतिशत आरक्षण

डॉ. यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता है। श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने आने वाले समय में लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। इसके लिए वर्ष 2029 तक इतनी अतिरिक्त सीटें बढ़ाई जाएगी। स्थानीय निकाय चुनाव में प्रदेश में महिलाओं को 50 प्रतिशत तथा नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेडीमेड गारमेंट्स उद्योग में काम करने वाली महिलाओं को 5 हजार रुपए प्रति महीना भत्ता दिया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार हर हाथ को काम देगी। हर युवा को उसकी योग्यता के अनुसार रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि 1 वर्ष में लगभग 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती करने जा रहे हैं। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग में बड़ी संख्या में भर्ती की जा रही है।

# मंदिरों पर बुलडोजर कार्रवाई रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## याचिकाकर्ता से दिल्ली हाई कोर्ट जाने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में तीन मंदिरों पर बुलडोजर एक्शन के खिलाफ याचिका सुनने से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से दिल्ली हाई कोर्ट जाने को कहा है. देर रात दाखिल हुई याचिका को विशेष अनुरोध पर सुबह 3 जजों की बेंच के सामने सूचीबद्ध किया गया था।

बेंच के अध्यक्ष जस्टिस विक्रम नाथ ने शुरू में याचिकाकर्ता के वकील विष्णु शंकर जैन से दोपहर 2 बजे सुनवाई की बात कही। उन्होनें यह भी कहा कि वह अपनी याचिका की कॉपी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के वकील को दें ताकि वह इस पर पक्ष रख सकें, लेकिन इसके तुरंत बाद जस्टिस विक्रम नाथ ने अपने साथी जजों जस्टिस संजय करोल और संदीप मेहता से बात की और उनका रुख बदल गया। उन्होंने ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## मंदिर तोड़ने की भाजपा की साजिश का पर्दाफाश : 'आप'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मयूर विहार फेस दो में स्थित मंदिर को तोड़ने के लिए बुलडोजर और पुलिस को भेजने पर आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा पर गुरुवार को तीखा हमला किया। 'आप' की वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आज कहा, दिल्ली के लोगों के सामने मंदिर तोड़ने की भाजपा की साजिश का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा पहले मंदिर तोड़ने का आदेश देती है फिर पुलिस और बुलडोजर भेजती है, लेकिन जब लोग विरोध करते है तब कहती है कि हमने नहीं भेजा। भाजपा बताए कि उसकी डबल इंजन की सरकार में मंदिर तोड़ने के लिए पुलिस और बुलडोजर किसने भेजा। उल्लेखनीय है कि यहां के मयूर विहार इलाके में आज मंदिरों को तोड़ने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) पहुंचा लेकिन कार्रवाई टाल दी गई।

# पिछड़ा वर्ग कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मिले राहुल




**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राष्ट्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कर्मचारी कल्याण महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को यहां संसद भवन परिसर में लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की और सार्वजनिक क्षेत्र की कपंनियों में इस वर्ग के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बातचीत की।

श्री गांधी ने ओबीसी के कर्मचारियों के संगठनों के प्रतिनिधियों से कहा कि वह उनकी समस्याओं से अवगत हैं और सरकार से उन्हें न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ते रहेंगे। ओबीसी कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गांधी से मुलाकात संसद भवन परिसर में उनके कक्ष में हुई। राष्ट्रीय ओबीसी कर्मचारी कल्याण महासंघ के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने इस दौरान बताया कि उनका सार्वजनिक क्षेत्र के 30,000 से अधिक ओबीसी कर्मचारियों का संगठन है।

आईटी एक्ट के इस्तेमाल पर उठाए सवाल

# मस्क की कंपनी ने भारत सरकार पर किया मुकदमा



**बेंगलुरु, एजेंसी।** एलन मस्क की कंपनी एक्स कॉर्प ने कर्नाटक हाईकोर्ट में भारत सरकार के खिलाफ याचिका दायर की है। उन्होंने भारत सरकार के आईटी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) पर सवाल उठाए हैं। कंपनी का कहना है कि यह नियम एक गैरकानूनी और अनियमित सेंसरशिप सिस्टम बनाता है, जिसके तहत कंटेंट को ब्लॉक कर प्लेटफॉर्म के संचालन को प्रभावित किया जा रहा है। इस धारा में बताया गया है कि किन परिस्थितियों में सरकार को इंटरनेट के कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार होता है।

कंपनी ने कहा है, कंटेंट हटाने के लिए लिखित में कारण बताना आवश्यक है और फैसला लेने से पहले उचित सुनवाई की व्यवस्था करनी होती है। इसे कानूनी रूप से चुनौती देने का अधिकार भी होना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कहा है कि भारत सरकार ने इन सब में से किसी भी नियम का इस्तेमाल नहीं किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, याचिका में कहा गया है कि सेंसरशिप का यह तरीका पूरी तरह से गैरकानूनी और अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन है। याचिका में कहा ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## ग्रोक एआई को लेकर भारत ने पूछा सवाल

यह मामला ऐसे समय में हुआ है जब केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक्स कॉर्प से उसके एआई चैटबॉट ग्रोक को लेकर सवाल पूछे हैं। ग्रोक कई सवालों के जवाब में गालियों का इस्तेमाल कर रहा है, जिसे लेकर भारत सरकार ने कंपनी से स्पष्ट जवाब मांगा है। इससे पहले साल 2022 में कंपनी को धारा 69ए के तहत कंटेंट हटाने का आदेश दिया गया था।

## क्या कहता है आईटी अधिनियम

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (आई एंड बी) का कहना है कि आईटी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को न्यायालय के आदेश या सरकारी अधिसूचना द्वारा निर्देशित होने पर अवैध सामग्री को हटाने का आदेश देती है। इसमें कहा गया है कि अगर कोई प्लेटफॉर्म 36 घंटों के भीतर ऐसा करने में विफल रहता है, तो उसे धारा 79(1) के तहत अपने बचाव के रास्ते खो देगा। इतना ही नहीं उसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) सहित विभिन्न कानूनों के तहत जवाबदेह भी ठहराया जा सकता है।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### मेहर गढ़वाल समाज कल्याण परिषद का होली मिलन समारोह 23 को

**इटारसी, देशबन्धु।** मेहर गढ़वाल समाज कल्याण परिषद क्षेत्रीय समिति का होली मिलन समारोह 23 मार्च, रविवार को मिलन मैरिज गार्डन, जमानी रोड पुरानी इटारसी में होगा। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि संगठन के प्रांताध्यक्ष जीपी मेहरा रहेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि जगदीश गढ़वाल, संतराम बम्हनिया, एलएल पवार, विशिष्ट अतिथि मनोहरलाल हनोतिया, नवल किशोर गाडरिया, राजेन्द्र हाथिया, अशर्फीलाल बामलिया, परशराम बतोसिया, अशोक राय खंगार रहेंगे। आयोजन के अंतर्गत प्रात: 11 बजे मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों का स्वागत के बाद 1 बजे से होली मिलन समारोह तथा अतिथियों का उद्‌बोधन होगा।

### कृषि उपज मंडी में अनाज की 26 हजार क्विंटल से अधिक आवक

**इटारसी, देशबन्धु।** होली के अवकाश के बाद आज से कृषि उपज मंडी पुन: प्रारंभ हुई। हालांकि किसानों ने रंगपंचमी की शाम से ही मंडी में आना प्रारंभ कर दिया था और देर रात तक मंडी प्रशासन ने करीब दो हजार ट्रालियों को मंडी परिसर में प्रवेश दे दिया था। आज मंडी में धान सहित अन्य अनाज की 26,384 क्विंटल आवक दर्ज की गई।

मंडी परिसर अनाज से भर गया है, किसान भी अपनी उपज लेकर लगातार आ रहे हैं। होली के अवकाश के बाद आज खरीद प्रारंभ हुई है। विभिन्न अनाज की 26 हजार क्विंटल से अधिक आवक होने से मंडी में हर ओर अनाज ही दिखाई दे रहा है। मंडी प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार आज मंडी में सबसे अधिक आवक 22290 क्विंटल धान की आवक हुई है। इसके बाद 3859 क्विंटल गेहूं, 625 क्विंटल चना, 362 क्विंटल सोयाबीन, 160 क्विंटल मूंग, 108 क्विंटल सरसों तथा 50 क्विंटल तुवर की आवक दर्ज की गई है।

मूल्य ये मिले- धान का आज का अधिकतम मूल्य 3050 रुपए जबकि न्यूनतम 2250 रुपए रहा। इसी तरह से गेहूं का 2566-2250 रुपए, चना 5309-3815 रुपए, तुवर 6900-6850 रुपए, सोयाबीन 4002-2500 रुपए, सरसों 5325-4601 रुपए और मूंग 6950-6000 रुपए रहा।

### श्री महावीर जैन समिति में अनिल अध्यक्ष, जितेन्द्र सचिव निर्वाचित

**इटारसी, देशबन्धु।** श्री महावीर जैन समिति इटारसी में वर्ष 2025 के चुनाव में अनिल कुमार हरिशंकर जैन को अध्यक्ष जिनेन्द्र कुमार प्रताप चंद जैन को सचिव निर्वाचित किया है। उपाध्यक्ष नीलेश रमेश चंद जैन, धर्मेश सुमेरचंद सिंघवी,



सौरभ जैन राजा, सहसचिव डॉ. नीरज वीरेंद्र कुमार जैन कोषाध्यक्ष अजीत कुमार सुरेश कुमार जैन रपरिया को चुना गया। निर्वाचन पदाधिकारी अरविंद जैन एडवोकेट और अशोक जैन एडवोकेट के मार्गदर्शन में चुनाव हुए थे। नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 थी और नामांकन पत्र वापसी की अंतिम तिथि 19 मार्च 2025 थी।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने किया ग्राहकों का सम्मान

**इटारसी, देशबन्धु।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र सिवनी मालवा द्वारा होली उत्सव के साथ हिन्दू संस्कृति अनुसार नारियल और मिश्री ग्राहकों को सम्मान स्वरूप भेंट किये। चूंकि नारियल और मिश्री शुभ, समृद्धि एवं सम्मान का प्रतीक है,



सिवनी मालवा क्षेत्र से आने वाले प्रत्येक व्यक्तियों को बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शाखा प्रबंधक द्वारा नारियल और मिश्री से आत्मीय भेंट कर रंगोत्सव के पावन पर्व होली की शुभकामनाएं दे रहे। इस अवसर पवन शर्मा पर्यावरण प्रेमी, बेनीराम लोवंशी सरपंच बघवाड़ा, प्रेमशंकर बनेटिया समाज सेवी सिवनी क्षेत्र, अनंत गौर अधिवक्ता, राधेश्याम मालवीय खपरिया अन्य उपस्थित हुए।

# बिहार के चोर गिरोह ने डाला इटारसी में डेरा, किराये के मकान में रहते और ट्रेन में चोरी करते

**इटारसी, देशबन्धु।** जीआरपी इटारसी ने ट्रेन में यात्रियों के सामान की चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किया जेवर, मोबाइल सहित करीब 2 लाख 24 हजार रुपए का माल जब्त किया है।





जीआरपी थाना प्रभारी रामस्नेह चौहान के अनुसार आरोपी दीपक कुमार बिहार के खगरिया जिले का रहने वाला है, जो वर्तमान में इटारसी में सूरजगंज पानी की टंकी के सामने किराये का मकान लेकर रह रहा था। यहीं उसने चोरी का माल भी रखा हुआ था। जीआरपी ने आरोपी से पुलिस ने 2 लाख 24 हजार रुपये के सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, चांदी की बिडिया और 4 मोबाइल फोन बरामद किये हैं। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह ट्रेन में सोते हुए यात्रियों को निशाना बनाता था और उनके सामान की चोरी करता था। आरोपी के अन्य 4 साथियों की तलाश जारी है, जो सभी बिहार के खगरिया जिले के रहने वाले हैं।

ऐसे बनायी योजना- जीआरपी थाना क्षेत्रांतर्गत होने वाली चोरी एवं लूट संबंधी घटनाओ की रोकथाम एवं पतारसी हेतु राहुल कुमार लोढा (भापुसे) पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल के निर्देशों के पालन में एवं उप पुलिस अधीक्षक रेल इटारसी महेंद्र सिंह कुल्हाड़ा के मार्गदर्शन में जीआरपी पुलिस इटारसी सतत चेकिंग गश्त ड्यूटी एवं सीसीटीवी के माध्यम से सतर्कता पूर्वक निगरानी कर रही थी। 18 मार्च को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर थाना प्रभारी जीआरपी थाना इटारसी राम स्नेह चौहान ने अपने नेतृत्व में तत्काल टीम का गठन कर टीम को मुखबिर द्वारा बताए स्थान स्टेशन के भोपाल छोर तरफ वाली लाइन के किनारे छोटे हनुमान मंदिर के पास पहुंचे, जहां एक व्यक्ति जो आसमानी कलर की शर्ट एवं जींस का पेट पहने हुये था। उम्र करीब 35 साल का सावले रंग का गठीले बदन छिप कर बैठा मिला जिससे गवाह के सामने पूछताछ की गई तो अपना नाम दीपक कुमार पिता स्व. घनश्याम ठाकुर, 38 साल निवासी ग्राम झिटकिया थाना महेश खूंट जिला खगड़िया बिहार का रहने वाला बताया।

सूरजगंज में छिपाकर रखा था माल- जीआरपी ने पूछताछ में उससे इटारसी आने का कारण पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। थाने में आरोपी ने पूछताछ के दौरान जीआरपी थाना इटारसी बीएनएस में अपराध घटित करना स्वीकार किया। चोरी किए माल के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी ने सूरज गंज चौराहा दुर्गा मंदिर के सामने इटारसी स्थिति मकान में रखना बताया, जहां वह किराये से रहता था। आरोपी के किराए के मकान से एक बैग के अंदर से चोरी की सोने की एक अंगूठी कीमती करीब 28,000 एवं सोने का एक मंगलसूत्र कीमती करीब 47000, एवं 6 नग चांदी की विड़िया 3000 रुपए के निकाल कर पेश किया। आरोपी ने बैग में रखी एक पन्नी के अंदर विभिन्न कंपनियों के 4 मोबाइल निकाल कर भी पेश किए जो ट्रेनों से पूर्व में चोरी किए थे। आरोपी ने अपराध अपने अन्य साथियों के साथ करना बताया है, जो सभी खगरिया बिहार के रहने वाले हैं, जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## धनबाद-नासिक रोड-धनबाद विशेष ट्रेन इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा होली पर्व के दौरान अतिरिक्त यात्री भार क्लियर करने के उद्देश्य से विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 03397/03398 धनबाद – नासिक रोड – धनबाद विशेष ट्रेन चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

गाड़ी संख्या 03397 धनबाद-नासिक रोड विशेष ट्रेन 21, 25, 28 मार्च को धनबाद स्टेशन से रात 23 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए रात 20:50 बजे इटारसी स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद तीसरे दिन सुबह 7 बजे नासिक रोड स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 03398 नासिक रोड-धनबाद विशेष ट्रेन 24, 27 मार्च को सुबह 08:55 बजे नासिक रोड स्टेशन से प्रस्थान कर, (उसी दिन) मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए रात 21:20 बजे इटारसी स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद अगले दिन रात 21:00 बजे धनबाद स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में नासिक रोड, मनमाड जंक्शन, जलगांव जंक्शन, भुसावल जंक्शन, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, कटनी साउथ, ब्यौहारी, बरगवां, सिंगरौली, चोपन, रेनुकूट, गढ़वा रोड जंक्शन, डालटनगंज, बरवाडीह जंक्शन, लातेहार, टोरी, खलारी, पतरातू, बरकाकाना, रांची रोड, गुमिया, बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा, कत्रासगढ़, धनबाद जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

## चौरिया कुर्मी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल को

**इटारसी, देशबन्धु।** चौरिया कुर्मी समाज का 14 वॉ सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल को कृषि उपज मंडी परिसर इटारसी में आयोजित होगा। इस सम्मेलन का आयोजनकर्ता ग्राम चिल्लई होगा। समाज की प्रतिनिधि संस्था नर्मदांचल चौरिया कुर्मी समाज समिति के अध्यक्ष शंभू दयाल पटेल, सचिव सरदार चौरे एवं कोषाध्यक्ष हरीकिशोर पटेल ने बताया कि इस सामाजिक आयोजन में समाज के प्रत्येक परिवार को जोड़ने के लिए संगठन द्वारा आज से द्वार-द्वार निमंत्रण अभियान प्रारंभ किया गया है।



इस अभियान के प्रारंभ में चौरिया कुर्मी समाज धर्मशाला मंगलवारा घाट पर बैठक आयोजित की गई। यहां कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। उसके उपरांत सामूहिक रूप से समाज की कुलदेवी पतित पावनी मां नर्मदा का पूजन कर प्रथम निमंत्रण उन्हें अर्पित किया। उसके उपरांत सामाजिक परिवारों के द्वारा पर पहुंचने का क्रम आज से ही प्रारंभ कर दिया गया है। प्रथम चरण में इटारसी नर्मदा पुरम शहरी क्षेत्र में अभियान चलेगा एवं द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्र में यह अभियान चलाया जाएगा। इस द्वार द्वार निमंत्रण अभियान के प्रारंभिक अवसर पर समाज की धर्मशाला मंदिर समिति के अध्यक्ष शिव शंकर झलिया, वरिष्ठजन शंकर लाल चौरे, चंद्र गोपाल मलैया कुशल पटेल सहित समाज संगठन के नर्मदापुरम शहर अध्यक्ष जेपी चौधरी एवं अनेक युवा वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्राइवेट स्कूल संचालकों की बैठक एवं होली मिलन में गुनगुनाये गीत

**इटारसी, देशबन्धु।** सोपास इटारसी प्राइवेट स्कूल संचालकों की बैठक एवं होली मिलन मां नर्मदा स्कूल तरोंदा रोड इटारसी में संरक्षक दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूलों की विभिन्न समस्याओं एवं आरटीई मान्यता के साथ ही फीस अधिनियम पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कार्यालय मंत्री आलोक गिरोटिया, सोपास जिला कार्यकारिणी सदस्य जाफर सिद्दीकी, ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश जैन, सचिव लोकेन्द्र साहू ने अपने विचार रखे।



बैठक की अध्यक्षता कर रहे दीपक अग्रवाल ने कहा कि स्कूल की किसी भी समस्या के लिए हम सभी साथ हैं और किसी भी लड़ाई को मिलकर लड़ेंगे। बैठक में निर्णय लिया कि जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल समस्याओं को लेकर शिक्षा मंत्री से मिलेगा। बैठक पश्चात्य सभी संचालकों ने अध्यक्षता कर रहे दीपक अग्रवाल का जन्मदिन मनाया एवं एकदूसरे को गुलाल लगाकर होली के साथ ही पंचमी की शुभकामनायें दीं। मिलन समारोह में सुभाष दुबे, आलोक गिरोटिया, नीलेश जैन ने शानदार गीत की प्रस्तुति दी। बैठक में सतेंद्र पाल सिंह जग्गी, हरप्रीत छाबड़ा, प्रशांत चौबे, रितेश शर्मा, नंद किशोर बड़कुर, सौरभ मलैया, रूबिन फेलिक्स, रजत प्रधान, बसंत सोनी, गोल्डी जुनेजा, उमाशंकर तिवारी, मनीता सिद्दीकी, गुंजन जैन, आरती जैसवाल, अनिता अग्रवाल, सरोज चौहान, नमिता शर्मा, मीना परसाई, संगीता योगी, अंकिता चौबे, हिमानी मलैया, ममता सोनी, आयुशी जैसवाल, कृति अग्रवाल उपस्थित रहे।

## ग्राम मेहराघाट और ग्वाड़ीखुर्द में किया किसान पाठशाला का आयोजन

**इटारसी, देशबन्धु।** नर्मदापुरम विकासखंड के ग्राम मेहराघाट और ग्वाड़ीखुर्द में आज गुरूवार 20 मार्च 2025 को किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक और कई किसान भाई उपस्थित रहे।



किसानों को नरवाई जलाने के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्हें समझाया कि नरवाई जलाने से मिट्टी और पर्यावरण प्रदूषित होता है, और गर्मी के मौसम में आग की चिंगारी दूसरे किसानों के खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा सकती है। इसके अलावा, नरवाई में आग लगाने से मिट्टी में उपस्थित लाभप्रद जीव नष्ट हो जाते हैं, जैव विविधता समाप्त हो जाती है, और मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है। किसानों को सलाह दी गई कि वे कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्र मैनेजमेंट सिस्टम अपनाएं और फसल अवशेष जलाने के बजाय सुपर सीडर, पूसा-डी कंपोजर जैसी तकनीकों का उपयोग करें। इसके अलावा, विभाग में क्रियान्वित योजनाओं जैसे कि चैक कटर, स्प्रे पंप, सूरजमुखी के उपलब्ध बीज और आने वाली मूंग की फसल के ढ्ढक्क्रू और ढ्ढहरूके बारे में भी किसानों को अवगत कराया गया।

## अनंत तिवारी मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के आजीवन सदस्य बने

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संभाग क्रिकेट एसोसिएशन नर्मदापुरम के सदस्य अनंत तिवारी को मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का आजीवन सदस्य बनाया गया है। नर्मदा पुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि अनंत तिवारी वर्ष 2020 से 2023 तक नर्मदा पुरम संभाग के प्रतिनिधि के रूप में एमपीसीए की प्रबंध कार्यकारिणी में कार्य किया था। उनकी कार्य कुशलता एवं प्रशासनिक ज्ञान और क्रिकेट में दिए गए योगदान के आधार पर आजीवन सदस्य बनाया गया।



श्री तिवारी अंडर 19 और सीनियर डिवीजन नर्मदापुरम संभाग से खेले और नर्मदा कॉलेज की क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व किया और नर्मदापुरम क्रिकेट संभाग में सह सचिव के पद पर कार्य किया। उनके आजीवन सदस्य बनाए जाने पर संभाग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष कपिल फौजदार अध्यक्ष, रोहित फौजदार चेयरमेन, अनुराग मिश्रा, राजेश चौरे, प्रदीप तोमर, कुलभूषण मिश्रा, योगेश परसाई, राजेश तिवारी, संजय नाफड़े, समीर नायक, विवेक अग्रवाल, हेमंत गोस्वामी, जागेंद्र सिंह तोमर, अनिल दीक्षित, दिलीप नामदेव, निर्वेश फौजदार, चेतन राजपूत, सुमित परदेसी, सुनील कालोसिया, सुनील शर्मा, मनोहर बिल्थरिया, माधव हरने, संजय यदुवंशी सहित सभी संभाग क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## श्री बालाजी इंजीनियरिंग संस्थान में मनाया महिला दिवस

### नृत्य, संगीत, भाषण, पोस्टर प्रेजेंटेशन और लेटर राइटिंग प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

**बैतूल, देशबन्धु।** श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि पा?र की प्रख्यात राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता हेलेना पीटर रहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. जे. शाह एवं प्रो. वी. के. पांडे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।



हेलेना पीटर ने अपने संबोधन में छात्राओं एवं महिला स्टाफ को अंतर्राष्ट्रीय महिला अधिकारों की जानकारी दी और कहा कि महिला दिवस केवल 8 मार्च तक सीमित नहीं है, महिलाओं का समर्पण, संघर्ष और योगदान हर दिन को महिला दिवस बनाता है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की सीख देते हुए कहा कि वे अपने अधिकारों को जानें और समाज में अपनी भूमिका को मजबूती से निभाएं। कार्यक्रम में छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, संगीत, भाषण, पोस्टर प्रेजेंटेशन और लेटर राइटिंग जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। छात्राओं ने नारी शक्ति के विभिन्न पहलुओं को मंच पर प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। महाविद्यालय की वूमेन रिड्रेसल कमिटी की कोऑर्डिनेटर प्रो. मीना सुने और को-कोऑर्डिनेटर प्रो. सोनाली राठौर ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। प्राचार्य डॉ. पी. जे. शाह ने महिला स्टाफ और छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, और यह बेहद गर्व की बात है। कार्यक्रम का समापन प्रो. वी. के. पांडे के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

## जनकल्याणकारी योजनाओं में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रकरण स्वीकृत करें

### कलेक्टर ने बैंकर्स की बैठक में दिए निर्देश

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में गुरुवार शाम को आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक में उपस्थित सभी बैंकों के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रकरण स्वीकृत किए जाएं और इस माह के अंत तक शत प्रतिशत प्रकरणों में हितग्राही को राशि वितरित कर दी जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने उपसंचालक पशु चिकित्सा और सहायक संचालक मत्स्य उद्योग विभाग को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य अनुसार पशुपालन क्रेडिट कार्ड और फिशरमैन क्रेडिट कार्ड हितग्राहियों को वितरित करवाएं। बैठक में बताया गया कि भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत कुल 15 प्रकरण स्वीकृत हो चुके हैं, इनमें से 10 प्रकरणों में 16.70 लाख रुपए की मदद वितरित की जा चुकी है। इसी तरह टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में कुल 60 प्रकरण स्वीकृत हो चुके हैं जिसमें से 55 प्रकरणों में 16.61 लाख रुपए की आर्थिक सहायता हितग्राहियों को वितरित की जा चुकी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में अभी तक कुल 78 प्रकरण स्वीकृत हुए हैं जिसमें से 73 प्रकरणों में 5.17 करोड़ रुपए की सहायता हितग्राहियों को दी जा चुकी है। जबकि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 44 प्रकरण स्वीकृत हो चुके हैं जिसमें से सभी मामलों में 35.49 लाख रुपए की मदद हितग्राहियों को दी जा चुकी है। उपसंचालक पशु चिकित्सा ने बताया कि अभी तक 1519 पशुपालकों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जा चुके हैं तथा आचार्य विद्यासागर डेयरी योजना में 18 पशुपालकों के प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के प्रतिनिधि श्री सरवन एस. तथा लीड बैंक प्रबंधक मनोज पवार के अलावा अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

## केन्द्रीय जेल में परिर्वतन -प्रिजन टू प्राईड कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** इंडियन ऑईल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा गत दिवस परिर्वतन - प्रिजन टू प्राईड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम् खण्ड-ब में आयोजित किया गया था, कार्यक्रम का शुभारंभ वर्चुअली आई.ओ.सी. के चेअरमेन री ए.एस. साहनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में देश की छ: अन्य जेले भी शामिल हुईं।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेलों के माध्यम से जेलों में बंद कैदियों के शारिरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का विकास करना और उनके पुर्नवास को स्थापित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आगामी एक माह तक जेल में निरूद्ध कैदियों को राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रशिक्षकों के माध्यम से बैडमिटन, वॉली बाल, शंतरज एवं केरम का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर इंडियन ऑइल कार्पोरेशन द्वारा खेल प्रतिभागी बंदियों को खेल किट एवं ट्रैक सुट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, सीजीएम. आईओसीएल संतोष सोलंकी जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल जर्मदापुरम्, युसुफ अफ्फान, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, ऋृतुराज सिंह दांगी, सहायक जेल अधीक्षक, अनुप कुशवाह डीजीएम.आईओसीएल, श्रीमती निष्ठा शर्मा एवं जेल तथा आईओसीएल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### कम्प्यूटर कोर्स के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**हरदा, देशबन्धु।** तकनीकी शिक्षा संचालनालय मध्य प्रदेश शासन के द्वारा प्रोजेक्ट कोड के तहत जिले के ऐसे युवा जिनके पास कंप्यूटर नहीं है एवं अन्य कंप्यूटर सेंटर से शिक्षा प्राप्त करने में वे आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है, ऐसे युवाओं के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय हरदा में निशुल्क बेसिक कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जावेगी। पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अभिरूचि सिंह ने बताया कि कम्प्यूटर कोर्स के लिये कॉलेज में 21 मार्च तक रजिस्ट्रेशन होंगे। उन्होने बताया कि 24 मार्च से कोर्स प्रारंभ होगा।

### ई-सामान्य भविष्य निधि व्यवस्था के संबंध में प्रशिक्षण आज

**हरदा, देशबन्धु।** जिला कोषालय में ई-सामान्य भविष्य निधि व्यवस्था 21 फरवरी से लागू की गई है। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि ई-सामान्य भविष्य निधि की विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में 21 मार्च को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत हरदा के ई दक्षता केन्द्र में दो चरणों में आयोजित किया गया है। प्रथम चरण दोपहर 12 बजे से तथा द्वितीय चरण दोपहर 1 बजे से आयोजित किया गया है। उन्होने प्रशिक्षण में सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिये है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन 31 तक

**हरदा, देशबन्धु।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी 5 मई तक की जायेगी। प्रदेश सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये के अलावा किसानों को 175 रुपये प्रति क्विटल बोनस देने का निर्णय लिया है। अतः इस बार 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जाएगा। किसानों गेहूं बेचने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग करनी होगी। कलेक्टर आदित्य सिंह ने किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, वे 31 मार्च 2025 तक करवा सकते हैं। उन्होने गेहूँ उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए टेंट, बैठने की व्यवस्था, पानी, पंखे, तौल मशीन और कंप्यूटर जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

### सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में हरदा जिला ए रेटिंग के साथ प्रदेश में नंबर - 1 रहा

**हरदा, देशबन्धु।** प्रदेश स्तर पर सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के मामले में प्राप्त 85.38 वेटेज स्कोर प्राप्त कर हरदा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि गत फरवरी माह में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की प्रगति के आधार पर शासन स्तर से गुरुवार को जिलेवार रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें हरदा जिले को 'ए' रेटिंग प्राप्त हुई है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि पिछले 12 माह में हरदा जिला 12 बार टॉप 5 जिलों में शामिल रहा है, तथा हरदा जिले ने कुल 6 बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होने बताया कि इस बार द्वितीय स्थान पर 85.07 वेटेज स्कोर के साथ नीमच जिला रहा है, तथा 84.82 वेटेज स्कोर के आधार पर निवाड़ी जिला तृतीय स्थान पर रहा है। इस उपलब्धि के लिये कलेक्टर श्री सिंह ने जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक 25 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम श्री आर आर मीना ने बताया कि संभागीय जल उपयोगिता समिति की ग्रीष्म कालीन मूंग सिंचाई के लिए बैठक संभागायुक्त नर्मदापुरम कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षा में 25 मार्च को 4.30 बजे ऑन लाईन (गूगल मीट के माध्यम से) आयोजित की गई है। उक्त बैठक के लिए सभी संभागीय अधिकारी आयुक्त कार्यालय में उपस्थित रहेंगे एवं अन्य अधिकारी गूगल मीट से बैठक से जुड़ेंगे । उक्त बैठक में संभागायुक्त श्री तिवारी तवा वृहद जलाशय के जल भंडारण की स्थिति, ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई वर्ष 2024-25 हेतु नहरों की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव की स्थिति, ग्रीष्म कालीन मूंग सिंचाई हेतु जलाशय के भंडारण के अनुसार सिंचाई लक्ष्यों का निर्धारण एवं अन्य विषायों पर बैठक लेंगे।

### टॉस्क फोर्स समिति की बैठक 25 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम की संभाग स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। उक्त बैठक मंगलवार 25 मार्च को अपरान्ह 3 बजे से आयुक्त कार्यालय नर्मदापुरम के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### किशोर अवॉर्ड समारोह और कुमार शानू के गीतों की प्रस्तुति 22 को

**भोपाल,देशबन्धु।** बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर किशोर कुमार को समर्पित संस्था किशोर कुमार फैंस क्लब की ओर से 22 मार्च को कुमार शानू के गीतों की श्रृंखला एवं किशोर अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भोपाल हाट परिसर स्थित 9 मसाला रेस्टोरेंट परिसर में होगा। इस अवसर पर शहर के शौकिया कलाकारों की प्रस्तुति भी होगी। समारोह के संयोजक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसिद्ध गायिका संदीपा पारे को किशोर अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. टीएन दुबे, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय पोफली, वरिष्ठ गायक राजेन्द्र मालवीय, डीएसपी अजय मिश्रा, गेस्ट्रो सर्जन डॉ. अभिजीत देशमुख, आरके बरेले, गायिका मिहिका, अनिल मयूर, शत्रुघ्न शिव और गुरुजी चौकसे द्वारा कुमार शानू के गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# अनुविभागीय अधिकारी नियमित रूप से स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## सिवनी मालवा क्षेत्र का किया निरीक्षण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने गुरुवार कोसिवनी मालवा क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर नगर पालिका परिषद की विभिन्न योजनाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कलेक्टर द्वारा परिषद की राजस्व वसूली को तेज करने के निर्देश दिए गए तथा बड़े बकायादारों को नोटिस जारी कर वसूली न होने पर कुर्की की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही, उन्होंने कहा कि राजस्व लक्ष्य प्राप्ति के लिए नगर पालिका परिषद आवश्यकता पड़ने पर राजस्व विभाग का सहयोग भी ले। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परिषद की आय व्यय की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रितेश कुमार जैन, वार्ड पार्षदों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने शहर में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, यातायात व्यवस्था और अतिक्रमण की समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। तत्संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देशित किया कि नगर पालिका प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए तथा पहले से स्थापित कैमरों की मरम्मत कराई जाए। कलेक्टर द्वारा कैमरों की मॉनिटरिंग एवं संचालन पुलिस विभाग को सौंपने के निर्देश भी दिए गए ताकि नगर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।व्यापारी संघ के सदस्यों ने शहर में नवीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण तथा यातायात व्यवस्था को सुधारने की मांग रखी। साथ ही, यातायात पुलिस की उपलब्धता किए जाने का अनुरोध भी किया। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि इस विषय पर पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर उचित समाधान निकाला जाएगा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिए कि राजस्व विभाग, पुलिस एवं नगर पालिका सतत रूप से अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए की पुलिस विभाग के साथ समन्वय कर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए जिससे की चोरी आदि की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। कलेक्टर ने ऑडिटोरियम के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को सीमांकन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, नगर पालिका को शीघ्र ऑडिटोरियम निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों का भी निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एमपीईबी पूर्ण हो चुके आवासों में शीघ्र ही विद्युतीकरण कार्य पूरा करे तथा नगर पालिका द्वारा हितग्राहियों को आवास सौंपने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, कलेक्टर द्वारा अन्य आवासों का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूरा करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने नगर के फिल्टर प्लांट एवं शिवराज पार्क का निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने पार्क में स्थित शहीद गैलरी में वीर शहीदों के स्मारकों को नमन कर उन पर पुष्प अर्पित भी किए। कलेक्टर ने कहा कि पार्क में शहीद गैलरी की स्थापना एक अच्छी पहल है इससे युवाओं को उनके बारे में जानने का अवसर तो मिलता ही है साथ ही उन्हें प्रेरणा भी प्राप्त होती है। भ्रमण के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने आंवली घाट पहुंच कर नदी के अनियमित प्रवाह का निरीक्षण किया। स्थानीय निवासियों द्वारा बताया गया कि अनियमित प्रवाह होने के कारण जल निकासी के लिए पूर्व में किए गए वैकल्पिक मार्ग में सिल्ट (कपा) जमा होने के कारण घाट पर हादसे की संभावना बनी रहती है तथा पूर्व में कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। कलेक्टर सुश्री मीना ने ईई नर्मदा विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि घाट के समीप नदी के वेग, पानी की गहराई तथा अन्य बिंदुओं का परीक्षण कर तकनीकी सर्वे करवा कर दोष पूर्ण बिंदुओं की रिपोर्ट तैयार की जाए। कलेक्टर ने उपस्थित स्थानीय निवासियों को आश्वासन दिया है कि समस्या की रिपोर्ट तैयार करवा कर शासन स्तर तक शीघ्र ही पहुंचाई जाएगी जिससे घाट पर उत्पन्न हुई समस्याओं का समाधान किया जा सके। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने हथनापुर स्थित गौशाला पहुच कर गायों को गौ ग्रास भी खिलाया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सिवनी मालवा रितेश कुमार जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी सिवनी मालवा श्रीमती सरोज परिहार, तहसीलदार नितिन कुमार राय, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

- सुरक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था का लिया जायजा
- सीसीटीवी कैमरा, मरम्मत आदि संबंध में दिए आवश्यक निर्देश




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बुधवार देर रात नर्मदापुरम जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रात 9 बजे अस्पताल पहुंचकर मेल वार्ड, पीडियाट्रिक्स वार्ड, ओटी, मैटरनिटी वार्ड, लेबर रूम, इमरजेंसी सहित पूरे अस्पताल परिसर की सुरक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों से बातचीत कर उनकी केस हिस्ट्री और उपचार की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अस्थि रोग विभाग में कुछ मरीजों को इंप्लांट संबंधी दिक्कतों के चलते आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, दो मरीजों अर्जुन और हेमंत को हायर सेंटर रेफर करने को कहा। सुश्री मीना ने पीडियाट्रिक वार्ड में भर्ती 7 वर्षीय पिंकी की मां तथा अन्य बच्चों के परिजनों से इलाज, खानपान और डॉक्टरों के राउंड की स्थिति जानी। मैटरनिटी वार्ड में उन्होंने लेबर रूम का निरीक्षण कर नॉर्मल एवं सीजर डिलीवरी की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती महिलाओं से उनकी सेहत और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं पर भी चर्चा की। इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सा सेवाओं का अवलोकन करने के बाद कलेक्टर ने एक्स-रे और सिटी स्कैन वार्ड में दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस एवं गार्ड की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा, उन्होंने सीएमओ को अस्पताल परिसर में नाली सुधार कार्य हेतु डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने वार्डों में मरीजों के पलंग की चादरें नियमित रूप से बदलने और अस्पताल के विभिन्न स्थानों की मरम्मत कार्य का फॉलोअप लेने के निर्देश दिए। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल के जरूरी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और खराब डीपी को रोगी कल्याण समिति की राशि से बदलवाने के निर्देश भी दिए। इस निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर, आरएमओ डॉ. संजय पुरोहित, डॉ. शिवम चंदेल, डॉ. आकाश सहित अस्पताल का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ कार्यवाही जारी

- 1 पोकलेन मशीन की गई जप्त



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही जारी है। खनिज विभाग नर्मदापुरम ने 20 मार्च को ग्राम बाबरी, तहसील सिवनीमालवा से 1 पोकलेन मशीन टाटा हिताची को रेत खनिज के अवैध उत्खनन में लिप्त पाया और उसे जप्त कर लिया। कार्यवाही में जिला खनि अधिकारी दिवेश मरकाम, खनि निरीक्षक पिंकी चौहान, प्र0 खनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, खनिज सिपाही हेमन्त राज एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहे। जप्त वाहन के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# पत्नी ने धर्म नहीं बदला तो घर से निकाल दिया

**भोपाल,देशबन्धु।** एक महिला की शादी 13 साल पहले हुई थी, लेकिन दो साल पहले पति उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा। बात नहीं मानने पर उसे घर से निकाल दिया गया। इसके बाद पीड़िता मायके में रहने लगी। लेकिन अब आरोपी पति पीड़िता के मायके पहुंचकर उसे धमकाता है। दोबारा साथ रहने का दबाव बनाता है। बात नहीं मानने पर हत्या की धमकी देता है। इतना ही नहीं बेटी को जबरन छीनकर ले जाने का भी प्रयास कर चुका है। महिला की शिकायत के बाद शाहजहांनाबाद पुलिस ने आरोपी पति पर मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल उसकी गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी माजिद अली और उसकी बहन तबस्सुम ने महिला को धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ित किया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है और 24 मार्च को इसमें गवाही होना है। इस मामले में समझौता करने के लिए महिला को जुलाई-2024 से प्रताड़ित किया जा रहा है। समझौता करने से मना करने पर महिला, उसकी मां और बेटी को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। 16 मार्च को आरोपी माजिद पत्नी को धमकाने पहुंचा था। महिला ने डायल-100 पर फोन किया। लेकिन पुलिस के आने से पहले ही माजिद भाग निकला। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी माजिद उस पर लगातार धर्म परिवर्तन कर दोबारा साथ रहने का दबाव बना रहा है। वह धमकाता है कि अगर जिंदा रहना है तो बच्ची मुझे दे दे। नहीं तो उसे जबरन ले जाऊंगा। दिसंबर-2024 में बेटी को उठाकर भाग रहा था। शोर मचाने पर वह बेटी को छोड़कर भाग निकला। तब भी उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। पीड़िता द्वारा दर्ज प्रकरण में इस बात का जिक्र है कि फरवरी 2025 में सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की थी। इसके बाद भी माजिद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। यही कारण है कि उसके हौसले लगातार बुलंद होते गए और अब वह मुझे घर में घुसकर धमकाने के साथ ही बदसलूकी करता है। हत्या की धमकी देता है।

# ग्राम मेहराघाट और ग्वाडीखुर्द में किया गया किसान पाठशाला का आयोजन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम विकासखंड के ग्राम मेहराघाट और ग्वाडीखुर्द में गुरूवार को किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक और कई किसान भाई उपस्थित रहे। किसानों को नरवाई जलाने के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें समझाया गया कि नरवाई जलाने से मिट्टी और पर्यावरण प्रदूषित होता है, और गर्मी के मौसम में आग की चिंगारी दूसरे किसानों के खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा सकती है। इसके अलावा, नरवाई में आग लगाने से मिट्टी में उपस्थित लाभप्रद जीव नष्ट हो जाते हैं, जैव विविधता समाप्त हो जाती है और मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है। किसानों को सलाह दी गई कि वे कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अपनाएं और फसल अवशेष जलाने के बजाय सुपर सीडर, पूसा - डी कंपोजर जैसी तकनीकों का उपयोग करें। इसके अलावा, विभाग में क्रियान्वित योजनाओं जैसे कि चैक कटर, स्प्रे पंप, सूरजमुखी के उपलब्ध बीज और आने वाली मूंग की फसल के बारे में भी किसानों को अवगत कराया गया।



# कायपान के संचालकों ने 10 दिन से बंद कर रखी है फैक्ट्री

## अब बिजली की खपत और उत्पादन के औसत से निकाली जाएगी आयकर चोरी

**भोपाल,देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के गोविंदपुरा इलाके में कायपान पान प्रोडक्ट्स लिमिटेड के नाम पर फैक्ट्री चलाने वाले वैभव पांडेय और मोहम्मद आरिफ शेख ने 10 दिन से फैक्ट्री में उत्पादन का काम बंद कर रखा है। यह काम इसलिए बंद रखा गया है ताकि कंपनी में रोज होने वाले गुटखों के उत्पादन की रिपोर्ट आयकर विभाग को न मिल सके और आयकर की चोरी से बचा जा सके। उधर, आयकर विभाग भी इसका तोड़ निकालने में जुटा है। इसके तहत बिजली की खपत और उत्पादन के औसत के आधार पर कुल उत्पादन निकालकर आयकर चोरी आकलन करने की तैयारी की जा रही है।



कायपान पान प्रोडक्ट्स लिमिटेड की फैक्ट्री।

गौरतलब है कि आयकर विभाग ने 10 दिन पहले गोविंदपुरा डी सेक्टर में 10/1/८ में संचालित काय पान पान प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में भोपाल सर्वे शुरू किया था। यहां पाई गई अनियमितता की स्थिति यह थी कि आयकर विभाग को पचास अधिकारियों की टीम आंकलन के लिए लगानी पड़ी और फैक्ट्री संचालक ने अपने सभी मजदूरों और कर्मचारियों को वहां से भगा दिया था। अब जबकि इस मामले में आयकर विभाग काफी हद तक आयकर का आकलन करने में सफल हो गया है तो भी फैक्ट्री संचालकों द्वारा फैक्ट्री में गुटखों का उत्पादन इसलिए नहीं शुरू कराया जा रहा है ताकि आयकर विभाग के अफसर यह पता न कर सकें कि एक दिन में कितने गुटखों का उत्पादन कर बिक्री के लिए भेजा जाता है। ऐसा होने पर बगैर किसी लेजर और रिकॉर्ड के चलने वाली इस फैक्ट्री में उत्पादन और इसमें लगने वाले सुपारी, रंग, लौंग, इलायची, मसाले की खपत के आधार पर कुल उत्पादन और बिक्री का अनुमान तय कर आयकर चोरी का आकलन आसानी से किया जा सकता है। फैक्ट्री संचालक इससे बचने के लिए काम बंद रखे हुए हैं और आयकर अधिकारियों के कहने पर भी काम चालू नहीं करा रहे हैं।

उधर आयकर विभाग के अफसरों ने फैक्ट्री संचालकों की कारस्तानी को भांपने के बाद अब उत्पादन और आयकर चोरी का आंकलन करने की नई जुगत निकाली है। इसके तहत यहां सर्वे शुरू होने के पहले दो शिफ्ट में काम होता था, जिसमें लगने वाले मजदूरों की संख्या के आधार पर औसत उत्पादन का आंकलन की तैयारी है। साथ ही यहां बिजली की खपत और औसत उत्पादन के आधार पर कुल उत्पादन निकाला जा रहा है। इसके लिए बिजली कंपनी से भी जानकारी ली गई है। इसके बाद कुल उत्पादन निकालकर उसके आधार पर आयकर चोरी का वास्तविक आकलन किया जा सकेगा।

# नंदीश्वर जिनालय में पहुंचा मुनि संघ,समाज ने की अगवानी



**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल के नंदीश्वर जिनालय लालघाटी में आचार्य विद्यासागर के शिष्य मुनि निष्कंप सागर और मुनि निष्काम सागर का आगमन हुआ। मुनि संघ बैरागढ़ से बिहार होते हुए नंदीश्वर जिनालय पहुंचा। समाज के लोगों ने पाद प्रक्षालन के साथ हे स्वामी नमोस्तु के जयकारों से मुनि संघ की अगवानी की।

मुनि संघ ने जिनालय में विराजमान जिन प्रतिमाओं की वंदना की और सामयिक प्रतिक्रमण किया। मुनि संघ ने अपने आशीर्वचन में रंग पंचमी का जिक्र करते हुए कहा कि जीवन के सभी रंगों में संयम और अध्यात्म का रंग सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जीवन में खुशी, संतुष्टि और उल्लास अध्यात्म के रंग से ही मिलते हैं। कार्यक्रम में तीर्थधाम श्री नंदीश्वर द्वीप जिनालय ट्रस्ट, श्री नंदीश्वर पाठशाला समिति, जैन परमार्थिक औषधालय समिति, मुनिराज विहसंत सागर भोजनालय समिति, श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान समिति, श्री नंदीश्वर दिव्य घोष, शिवा देवी महिला मंडल और आह्वान सोशल ग्रुप सहित सकल जैन समाज के लोग मौजूद रहेंगे।


**कार्यालय प्राचार्य**
**वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री गंजन सिंह कोरकू**
**शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही, जिला बैतूल (म.प्र.)**

E-mail:- hegcbhabet@mp.gov.in; Mob.: - 9993306794
Website: - http://govtcollegebhainsdehi.com/

क्रमाक / स्था. / 2025 भैंसदेही, दिनाक :-.....................

**निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय महाविद्यालय भैसदेही, जिला बैतूल (म.प्र.) में पी.एम. उषा योजना अंतर्गत प्रयोगशाला उपकरण क्रय किये जाने है, जिसकी खुली निविदा mptenders.gov.in पोर्टल पर निविदा क्र. 2025_HED_410142_1 जारी की गई है, निविदा से संबंधित सेवा शर्ते एवं विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in पोर्टल पर जारी की गई है । ईच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाए ऑनलाइन mptenders.gov.in पोर्टल पर जमा कर भाग ले सकते है । निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **08.04.2025** है । निविदा से सबंधित संशोधन mptenders.gov.in पोर्टल पर ही सूचना दी जायगी।

निविदा के संबध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।

**प्राचार्य**
**शासकीय महाविद्यालय भैसदेही**
**जिला बैतूल ( म.प्र. )**

नर्मदापुरम, शुक्रवार 21 मार्च 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# महंगी पड़ेगी किसानों की गिरफ्तारी

एक आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए पंजाब सरकार ने लगभग 100 किसान नेताओं की गिरफ्तारी कर शंभू-खनौरी बॉर्डर खाली तो करा दिया है लेकिन अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे किसानों को गिरफ्तार करना न केवल केन्द्र सरकार को महंगा पड़ेगा बल्कि पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के प्रति भी किसानों में नाराज़गी बढ़ेगी। पंजाब सरकार का यह कदम इसलिये हैरत में डालता है क्योंकि जहां एक ओर आप का समर्थन शुरू से ही किसान आंदोलन को रहा है, तो वहीं कुछ माह पहले सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार ने कहा था कि किसानों को हटाने या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने से देश भर के किसानों में असंतोष फैलेगा जिससे स्थिति बेकाबू हो सकती है। इस कार्रवाई के बाद आंदोलन के और तेज होने का अनुमान है क्योंकि किसान नेताओं ने ऐलान किया है कि वे अंतिम सांस तक लड़ेंगे। अचानक हुई इस कार्रवाई से यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या केन्द्र सरकार पंजाब सरकार के कंधे पर रखकर बन्दूक चला रही है?

किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को चंडीगढ़ में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केन्द्र सरकार के अधिकारियों से चर्चा कर लौट रहा था तभी उन्हें मोहाली में गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही पंजाब पुलिस के सैकड़ों जवानों द्वारा आंदोलन स्थल खाली कराने का एक्शन किया गया। इस कार्रवाई में जेसीबी और बुलडोज़रों का इस्तेमाल हुआ। अनशनकारी व उनके समर्थन में बैठे किसानों के टेंट भी उखाड़ दिये गये। किसान मजदूर मोर्चे का कार्यालय, मंच और कच्चे-पक्के निर्माण ध्वस्त हो गये। पुलिस का दावा है कि सुबह तक पूरा क्षेत्र खाली हो जायेगा। समीपवर्ती इलाकों की इंटरनेट सेवाएं बन्द कर दी गयी हैं। लगभग 100 गिरफ्तार लोगों में सरवन सिंह पंढेर तथा जगजीत सिंग डल्लेवाल भी हैं जो आंदोलन के शीर्ष नेता हैं। पंजाब के वित्त मंत्री ने जले पर नमक छिड़कते हुए कहा है कि 'जिन राजमार्गों पर किसानों ने पिछले कई माह से आंदोलन जारी कर रखा है, वह नागरिकों के आवागमन में बाधा पहुंचा रहा है। ये राजमार्ग प्रदेश की जीवन रेखाएं हैं। किसानों द्वारा इन्हें अवरूद्ध करने के कारण उद्योग एवं व्यवसायों पर बुरा असर पड़ रहा है।' उनका यह भी कहना है कि 'इससे युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहे हैं।'

पिछले वर्ष 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने निकले किसानों को जब रोका गया था तो उन्होंने शंभू-खनौरी बॉर्डर पर धरना दे दिया था। तब से यह आंदोलन वहां जारी था। एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार किसानों को उनके उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की मांग को लेकर देश भर के कई किसान संगठन आंदोलनरत हैं। उल्लेखनीय है कि 9 अगस्त, 2020 से 11 दिसम्बर, 2021 तक देश भर में किसानों का ऐतिहासिक आंदोलन केन्द्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ हुआ था। इन कानूनों को वापस लेते हुए मोदी ने यह भी कहा था कि 'वे किसानों से केवल एक फोन कॉल की दूरी पर हैं। वे इस मामले पर कभी भी चर्चा करने के लिये तैयार हैं।' कई माह ठहरने तथा अधिकारियों से कई राउंड की बातचीत के बाद भी सरकार द्वारा कोई फैसला न लेने के कारण किसानों को फिर से सड़कों पर उतरना पड़ा है।

साफ है कि केन्द्र सरकार स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश वाला एमएसपी लागू नहीं करेगी क्योंकि मोदी के कारोबारी मित्रों की फूड प्रोसेस इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर उतरने की तैयारी है जिसके लिये ज़रूरी है कि किसानों के उत्पादों को कार्पोरेट के हाथों तक सस्ते दामों में पहुंचाया जाये। जो तीन कृषि कानून पास किये गये थे और किसानों के दबाव में वापस लिये गये, उनका मकसद देश की सुदृढ़ मंडी व्यवस्था को खत्म कर खाद्यान्नों पर उद्योगपतियों का पूरी तरह से आधिपत्य स्थापित करना था। इसलिये मोदी के लिये यह सम्भव नहीं है कि स्वामीनाथन की सिफारिश वाले सी-2 फार्मूले के अनुसार एमएसपी प्रदान करें जिससे किसानों का लाभ दोगुना हो। ऐसा करने पर कृषि उत्पादों पर कारोबारियों का वर्चस्व नहीं हो पायेगा। उल्लेखनीय है कि मोदी ने वायदा किया था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर दी जायेगी। निजी हाथों में फसलों को बेचकर यह सम्भव नहीं है।

अकाली दल के नेता दलजीत सिंह चीमा ने पंजाब सरकार से पूछा है कि इस बैठक में क्या तय हुआ है? उनका यह शक वाजिब हो सकता है कि केन्द्र और राज्य द्वारा मिलकर यह कदम उठाया गया है। कांग्रेस नेताओं ने भी इस कदम की आलोचना की है। सम्भवत: यह कार्रवाई केन्द्र सरकार के इशारे पर हुई हो। हाल ही में दिल्ली सरकार से अपदस्थ होने के कारण आप की हालत डांवाडोल है। कोई भरोसा नहीं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके प्रमुख सिपहसालार अमित शाह कब पंजाब में 'ऑपरेशन लोटस' चला दें। दिल्ली चुनाव हारने के बाद कई नेताओं की तिहाड़ जेल में वापसी भी हो सकती है। किसान आंदोलन मोदी सरकार के लिये प्रतिष्ठा का भी सबब है क्योंकि 11 वर्षों के कार्यकाल में यही एकमेव उदाहरण है जिसमें भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार और सीधे कहें तो मोदी को करारी पराजय मिली थी। बहरहाल, पंजाब सरकार के कंधे पर रखकर यह केन्द्र सरकार द्वारा बन्दूक चलाने का मामला हो सकता है। जो भी हो, इस दमन से किसानों के झुकने का सवाल ही पैदा नहीं होता। आश्चर्य नहीं होना चाहिये कि आंदोलन नये सिरे से फिर प्रारम्भ हो। सरकार को चाहिये कि गिरफ्तार किसानों को रिहा करे और वे वादे पूरे करे जो किसानों से किये गये थे।

# ज़्यादा चतुर है क्या एआई का नया टूल ग्रोक?

बीते साल इन्हीं दिनों दुनिया के सबसे बड़े उद्योगपति एलन मस्क भारत आने वाले थे। आम चुनावों के बावजूद भारत सरकार पलक-पांवड़े बिछाकर उनके स्वागत की तैयारी में लगी थी कि अचानक उन्होंने अपनी यात्रा रद्द कर दी। उन्होंने कहा कि टेस्ला में कुछ मसला हो गया है क्योंकि कम बिक्री की वजह से वे स्टाफ में दस फ़ीसदी की कटौती करने जा रहे हैं। ख़ुद मस्क तो अब तक भी नहीं आए लेकिन इस साल उनका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) से जुड़ा टूल ग्रोक-3 आ गया और तहलका मचा रहा है। मस्क के एक्स (पहले ट्विटर) पर एआई जनित ग्रोक ने ऐसे-ऐसे जवाब दिए हैं कि सियासी दलों को समझ ही नहीं आ रहा कि इसका क्या तोड़ लाएं। जो ख़ुश है वह इसलिए कि आख़िर कोई तो उनके सुर में बोला। कुछ की नींद उड़ी हुई है कि इतने बरसों से जो अभेद्य किला बना रखा था, वह ध्वस्त होता दिख रहा है। आईटी सेल की भारी मेहनत पर जैसे पानी फिरता जा रहा है। ईंट-ईंट जोड़कर गढ़े गये नैरेटिव ढहते दिखाई दे रहे हैं क्योकि ग्रोक से जो भी सवाल हो रहे हैं उसके तमाम जवाब बस वायरल पर वायरल होते जा रहे हैं। यही कारण है कि सरकार ने एक्स से जवाब मांगे हैं कि ग्रोक के प्रशिक्षण में जिस डाटा का उपयोग हो रहा है, उसमें स्पष्टता क्यों नहीं है?

ऐसा लगता है जैसे वसंत और होली के आस-पास बौराने और छेड़छाड़ की लोक परंपरा को इस बार केवल ग्रोक के चैटबोट ने ही समझा है। जो सिस्टम बना है उसके ख़िलाफ़ कुछ नहीं बोलना-सुनना है। ग्रोक ने यह क़ायदा तोड़ दिया है। यहां तक कि सवाल के जवाब वह तू-तड़ाक और गालीबाज़ी से भी दे रहा है जबकि अब तक के चैटबोट काफ़ी नर्मी से पेश आते रहे हैं। अमेज़ॉन के सामान्य आर्टिफिशल एआई की 'एलेक्सा', जो बातचीत पर आधारित है, वह भी ख़ुद की अवमानना पर यही कहती है-'माफ़ कीजिये, आप क्या कह रहे हैं, मैं समझ नहीं पाई।' ग्रोक ज़रा चतुर और अलग चैटबोट है जो टाइप किये सवालों का लिखकर यूं जवाब देता है जैसे वह कोई मशीन नहीं है। इससे जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, जस्टिस ब्रजगोपाल हरी सिंह लोया पर सवाल पूछे जाते हैं तो यह अपने डेटा के हवाले से झटपट पोल खोलने लगता है। लग रहा है जैसे विचारों की इस पुरानी लड़ाई को अब नए हथियार मिल गए हैं। यूं तो चैट जीपीटी और अन्य चैटबोट भी सवालों के जवाब ही देते हैं लेकिन ग्रोक इन दो जुड़वा भाइयों राम और श्याम में ज़्यादा चंचल और उद्दंड वाला वर्शन है या फिर सीता और गीता की ज़्यादा चंचल-शोख बहना। जुड़वा इसलिए क्योंकि साल 2015 में इनके जन्मदाता कभी एक ही बोर्ड रूम में थे, जब वे गूगल को ओपन एआई से चुनौती दे रहे थे। ओपन एआई के संस्थापक सैम अल्टमैन और एलन मस्क तब साथ थे। चैट जीपीटी विनम्र और संतुलित जवाब के साथ पेश होता है जबकि ग्रोक तो जैसे धज्जियां उड़ाने पर अमादा है।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

**ग्रोक शब्द रॉबर्ट हाइन लाइन के एक साइंस फिक्शन उपन्यास 'स्ट्रेंजर इन स्ट्रेंज लैंड' से लिया गया है। कहानी में एक इंसान के बच्चे को मंगल ग्रह के वासी पालते हसीन। ग्रोक यानी किसी को इस तरह देखना जैसे पूरी तरह आत्मसात कर लिया हो। किताब में इस शब्द का इस्तेमाल मंगल ग्रह के वासी करते हैं और जिसके साथ भी आप 'ग्रोकिंग' कर रहे हैं, उसके साथ बुद्धि, मन और आध्यात्मिक तौर पर एकाकार हो जाते हैं।**

जब एक यूजर ने पूछा कि आरएसएस का भारत की आज़ादी में क्या योगदान था तब ग्रोक ने जवाब दिया- 'शोध के अनुसार संघ का संगठन के रूप में भारत की आज़ादी में शून्य योगदान था। कुछ व्यक्तिगत सदस्यों ने भाग लिया, हो सकता है पर संगठन ज़्यादातर तटस्थ रहा या ब्रिटिश समर्थक था। कुछ दावा करते हैं कि आरएसएस के योगदान पर प्रमाण सीमित भूमिका की ओर इशारा करते हैं। ऐतिहासिक रिकॉर्ड दिखाते हैं कि आरएसएस ने स्वतंत्रता आंदोलनों, जैसे 'भारत छोड़ो' में हिस्सा नहीं लिया। उसने सांस्कृतिक गतिविधियों पर ध्यान दिया।' एक यूजर ने जब पूछा कि किसने कहा था कि आलू से सोना निकलेगा, नरेंद्र मोदी या राहुल गांधी ने? जवाब था- 'आलू से सोना निकलेगा' वाक्यांश राहुल गांधी के नाम से था लेकिन यह एक संपादित वायरल वीडियो का हिस्सा था। वह मोदी का मज़ाक उड़ा रहे थे। कह रहे थे कि मोदी प्रचार के दौरान ऐसे खोखले वादे कर सकते हैं। सन्दर्भ मायने रखता है, काटे गए साउंड बाइट्स पर ना फंसें।' यहां बताना ज़रूरी है कि कुछ ऐसे टूल भी हैं जो व्यक्ति के ऑडियो और वीडियो डाटा के साथ छेड़छाड़ करते हैं। ग्रोक तो एक सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री को सबसे सांप्रदायिक और एलन मस्क को भी अपशब्द कह चुका है।

एलन मस्क का ग्रोक इस तरह भी प्रोग्राम किया हुआ लगता है जैसे ट्रोल आर्मी को जवाब दे रहा है। ट्रोल करने वाले इस बात का बिल्कुल लिहाज़ नहीं करते कि सामने कोई महिला है या कोई कलाकार। उनका एकमात्र मक़सद अपमानित करना होता है। ग्रोक गाली देने वालों को गाली देता है। यहां अपशब्दों को लिखने की बजाय उस जवाब का उल्लेख ज़्यादा ज़रूरी है जो बताता है कि यह टूल शब्दों के बीच छिपे मंतव्य और भाव को भी पढ़ने का हुनर रखता है। एक यूजर ने जब पूछा कि 'ग्रोक, मेरे दस सबसे अच्छे म्यूचुअल्स कौन से हैं? जब कुछ देर तक जवाब नहीं मिला तो यूजर ने फिर कहा-'सीन कर के छोड़ दिया। टिपिकल वहमीन बिहेवियर, मैं तुम्हें कभी माफ़ नहीं करूंगा।' तब ग्रोक का जवाब था- ओए चिल कर श, तेरा 10 बेस्ट म्यूचुअल्स का हिसाब लगा दिया, रो मत।' आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का यह नया टूल ताज़ातरीन डाटा और खबर से जुड़ा हुआ है और इसके पास एक्स (ट्विटर) का अल्गोरिदम भी मौजूद है। उसी से यह जवाब भी तैयार करता है। अपशब्दों से एक्स को कभी गुरेज़ नहीं रहा इसलिए इसे भी नहीं है। हास्यबोध वाला यह एआई मॉडल कहीं-कहीं खुद को जीवंत व्यक्ति की तरह पेश करने में भी कामयाब है जबकि इससे पहले जो आए वे शालीन और तटस्थ टाइप के हैं। यह शब्दों के साथ चित्रों का भी बख़ूबी इस्तेमाल करता है और जवाब देने में तेज़तर्रार है। फ़िल्टर के बिना हिंदी में गाली देने के लिए भी प्रोग्राम्ड है। जटिल डाटा में अभी ज़रूर थोड़ा अटकता है लेकिन हिंदी पर जो फोकस इस टूल में है, वैसा फ़िलहाल कहीं दिखाई नहीं देता।

ग्रोक शब्द रॉबर्ट हाइन लाइन के एक साइंस फिक्शन उपन्यास 'स्ट्रेंजर इन स्ट्रेंज लैंड' से लिया गया है। कहानी में एक इंसान के बच्चे को मंगल ग्रह के वासी पालते हसीन। ग्रोक यानी किसी को इस तरह देखना जैसे पूरी तरह आत्मसात कर लिया हो। किताब में इस शब्द का इस्तेमाल मंगल ग्रह के वासी करते हैं और जिसके साथ भी आप 'ग्रोकिंग' कर रहे हैं, उसके साथ बुद्धि, मन और आध्यात्मिक तौर पर एकाकार हो जाते हैं। ग्रोक का इरादा भी यही दीखता है। अपने व्यवहार से यह चर्चा में तो आ गया है और यही एन मस्क जैसे कारोबारी का मकसद भी है। इस दौर में जब कारोबारियों ने दुनिया की राजनीति की दिशा ही उल्टी घुमा दी है, तब जनता को बेहद सतर्क रहने की ज़रूरत है। मस्क जिनसे भारत की दो बड़ी टेलीकॉम कंपनियां मिल गई हैं और शायद अब इंटरनेट भी भारतीयों को वहीं से मिलेगा। ग्रोक को अधिक मानवीय बनाने के प्रयास दीखते हैं। लेकिन मानवीय बनाने की बात और है जबकि इसका मानव के काम और काम की शैली को नुकसान न पहुंचाना दूसरी बात। जैसे सारी सब्ज़ियां घर के बाहर ही मिलने लगें तो बाज़ार कौन जाएगा। सारी जानकारी जब इन टूल्स पर ही मिलने लगेगी तो पाठक अलग स्रोत क्यों तलाशेगा? क्या वे स्रोत सूखेंगे और फिर बड़ी ताकतों के लिए सत्ता में बने रहने के किसी एक से सांठ-गांठ करना, उसे मैनेज करना भी कितना आसान होगा?

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# 23 मार्च, 1931 को 24 वर्षीय भगत सिंह की शहादत में छिपे तथ्यों की व्याख्या

■ कृष्णा झा

क्रांति मानव का अविभाज्य अधिकार है। स्वतंत्रता सभी का जन्मसिद्ध अधिकार है। श्रमिक ही समाज का वास्तविक पालनहार है।'

इस क्रांति की वेदी पर, हम अपनी जवानी को धूप की तरह लाये हैं, क्योंकि इतने महान उद्देश्य के लिए कोई भी बलिदान कम नहीं है। हम संतुष्ट हैं, हम क्रांति के आगमन की प्रतीक्षा कर रहे हैं।' ये शब्द थे भगत सिंह के जब वे एक पर्चा फेंक रहे थे जिसमें वह सब कुछ था जो वे सत्ता में बैठे लोगों को बताना चाहते थे। असेंबली हॉल में बम फेंकना, किसी को चोट पहुंचाने के उद्देश्य से नहीं था, बल्कि यह सिर्फ़ एक प्रदर्शनकारी कार्य था। यह श्रम-विरोधी व्यापार विवाद विधेयक के विरुद्ध था। अदालत में अपने मुकदमे में, भगत सिंह ने अदालत से कहा था कि उनके लिए क्रांति बम और पिस्तौल का पंथ नहीं है, बल्कि समाज का संपूर्ण परिवर्तन है, जिसकी परिणति सर्वहारा वर्ग की तानाशाही के तहत विदेशी और भारतीय पूंजीवाद दोनों को उखाड़ फेंकने में होती है।

भगत सिंह का मार्क्सवाद में परिवर्तन उन कारकों से प्रेरित था जो उन वर्षों के उच्च बिंदु थे। जब सभी गोरे सदस्यों वाले साइमन कमीशन भारत आया तो बड़े पैमाने पर मजदूर विद्रोह हुआ। आयोग का हर जगह तीव्र नकारात्मकता के साथ स्वागत किया गया।

यह 1928 का समय था, और बॉम्बे के मजदूरों ने एक विशाल प्रदर्शन किया था। लाहौर में लोगों के गुस्से ने शहर को जला दिया था। पुलिस की प्रतिक्रिया बर्बर थी क्योंकि उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर लाठियों से हमला किया। दिनदहाड़े, हजारों की भीड़ के बीच, पूरे देश द्वारा सम्मानित लाला लाजपत राय को बेरहमी से पीटा गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गये। लोग असहाय होकर यह दृश्य देखते रहे। कुछ दिनों बाद, उन्होंने अपनी चोटों के कारण दम तोड़ दिया। लोगों में गुस्सा भर गया। लाहौर में उदासी छा गयी। भगत सिंह जिस पार्टी से जुड़े थे, उसने हत्या का बदला लेने का फैसला किया। साल के अंत में, भगत सिंह और राजगुरु ने सॉन्डर्स को जेम्स स्कॉट समझकर गोली मार दी, जो पुलिस अधिकारी और पुलिस दल का नेता था जिसने उन पर हमला किया था। यह हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) द्वारा देश में आम जनता को जगाने के लिए की गयी पहली कार्रवाई थी।

निराशा कम हो रही थी क्योंकि हाशिये पर एक संभावना चमक रही थी। लोग आंदोलन कर रहे थे। युवा लीग उभर रहे थे और मजदूर वर्ग व्यापक अशांति शुरू करने में व्यस्त था। वे जानते थे कि संघर्ष व्यापक हो रहा था और भगत सिंह अपने साथियों के साथ चुनौती का सामना करने की तैयारी कर रहे थे। जल्द ही कम्युनिस्टों और ट्रेड यूनियन नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट आ गये। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र और यूथ लीग के नेता पीसी जोशी को गिरफ्तार कर लिया गया और परिणामस्वरूप, पूरे देश में छात्रों ने एक बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया।

भगत सिंह और उनके साथियों ने महसूस किया था कि वे कम्युनिस्टों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं, उनके साथ एक कार्यकारी गठबंधन बना सकते हैं। कम्युनिस्टों को जनता को संगठित करना था और संघर्ष का नेतृत्व करना था, जबकि एचएसआरए को सशस्त्र वर्ग की देखभाल करनी थी। लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि कम्युनिस्ट सशस्त्र कार्रवाई में विश्वास नहीं करते। वे व्यक्तिगत कार्रवाइयों से दूर रहते थे और उन्हें आंदोलन के लिए हानिकारक मानते थे। एचएसआरए सशस्त्र कार्रवाई में विश्वास करता था। मतभेदों के बावजूद, वे समानताओं से अवगत थे। कम्युनिस्ट साम्राज्यवाद के विरोधी थे, इसलिए एचएसआरए के लोग भी थे। दोनों समाजवाद की ओर बढ़ने की रणनीति बना रहे थे। कम्युनिस्टों की गिरफ्तारी को इन क्रांतिकारी वर्गों ने अपने लिए भी खतरा माना। उन्होंने न केवल इन गिरफ्तारियों के खिलाफ बल्कि पूरे लोगों के खिलाफ दमनकारी कार्रवाई की साम्राज्यवादी नीति के खिलाफ भी विरोध शुरू करने का संकल्प लिया। व्यापार विवाद विधेयक का पारित होना उनमें से एक था। उसी समय के आसपास, लाहौर में एचएसआरए द्वारा स्थापित बम बनाने वाली फैक्ट्री का आकस्मिक पता चला, जिसके कारण सुखदेव और अन्य जैसे कई महत्वपूर्ण साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकांश महत्वपूर्ण साथी विभिन्न राज्यों में भूमिगत हो गये। भगत सिंह के करीबी दोस्त अजय घोष, जो बाद में सीपीआई के महासचिव (1951-1962) बने, भी उनके साथ थे और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूरे प्रकरण का सबसे दर्दनाक पहलू यह था कि उन सभी को पुलिस ने बुरी तरह प्रताड़ित किया।

लाहौर षड्यंत्र का मामला 1929 में शुरू हुआ। तब तक पुलिस ने कैदियों, खासकर भगत सिंह पर सभी तरह की यातनाएं इस्तेमाल कर ली थीं। वे अपने पुराने रूप की छाया बन चुके थे। कमज़ोर और क्षीण शरीर वाले भगत सिंह को स्ट्रेचर पर अदालत ले जाया गया। 1929 में जेल में रहने के दौरान उन्हें और बटुकेश्वर दत्त को कई महीनों तक प्रताड़ित किया गया था। भगत सिंह ने अपने साथियों से कहा कि उन्हें इस विचार से छुटकारा पाना होगा कि सब कुछ खत्म हो गया है और अब कुछ नहीं किया जा सकता। एक आरामदायक कुर्सी पर आराम से बैठे हुए, जैसा कि वे किसी और मुद्रा में नहीं कर सकते थे, भगत सिंह ने इस दृढ़ संकल्प के साथ बात की कि उनके लिए इस मामले का एक निश्चित राजनीतिक उद्देश्य था।

यह शब्द के कानूनी अर्थ में बचाव नहीं था। उन लोगों के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए जिन्हें बचाया जा सकता है। इस मुकदमे का इस्तेमाल क्रांति के लिए किया जाना चाहिए। हर बार, जब भी ऐसी संभावना हो, ब्रिटिश सरकार को बेनकाब किया जाना चाहिए। इसका इस्तेमाल यह दिखाने के लिए भी किया जाना चाहिए कि क्रांतिकारियों की अदम्य इच्छाशक्ति है। उन्होंने कहा, 'हमें अपने बयानों के माध्यम से, बल्कि अदालत के अंदर और बाहर अपनी कार्रवाई के माध्यम से भी राजनीतिक कैदियों के हितों के लिए लड़ना है।' उन्होंने आगे कहा: 'हम अंदर और बाहर दोनों जगह अपना काम जारी रखेंगे, और अपने कार्यों से लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।'

**यह वह समय था जब उन्हें विश्वास था कि उनकी पीढ़ी एक ऐसा उदाहरण स्थापित कर रही है जो नये नेतृत्व के उदय का आधार तैयार करेगा। उनके लिए समाजवाद एक आदर्श था, जो उन्हें मार्गदर्शन करने वाला सिद्धांत था, ताकि सत्ता पर कब्जा करने के बाद समाज का पुनर्निर्माण किया जा सके। भगत सिंह एक शौकीन पाठक थे, खासकर समाजवादी साहित्य, और शायद समाजवाद की ओर आकर्षित होने वाले समूह में से पहले थे। वह जेल के बाहर होने वाली सभी महत्वपूर्ण घटनाओं से अवगत थे, जैसे शोलापुर विद्रोह, पेशावर विद्रोह, गढ़वाली सैनिकों का वीर रुख जिसका नेतृत्व चंद्र सिंह गढ़वाली ने किया था।**

यह वह समय था जब उन्हें विश्वास था कि उनकी पीढ़ी एक ऐसा उदाहरण स्थापित कर रही है जो नये नेतृत्व के उदय का आधार तैयार करेगा। उनके लिए समाजवाद एक आदर्श था, जो उन्हें मार्गदर्शन करने वाला सिद्धांत था, ताकि सत्ता पर कब्जा करने के बाद समाज का पुनर्निर्माण किया जा सके। भगत सिंह एक शौकीन पाठक थे, खासकर समाजवादी साहित्य, और शायद समाजवाद की ओर आकर्षित होने वाले समूह में से पहले थे। वह जेल के बाहर होने वाली सभी महत्वपूर्ण घटनाओं से अवगत थे, जैसे शोलापुर विद्रोह, पेशावर विद्रोह, गढ़वाली सैनिकों का वीर रुख जिसका नेतृत्व चंद्र सिंह गढ़वाली ने किया था। उन्होंने जन आंदोलन के एक अभिन्न अंग के रूप में और जनता की जरूरतों और उनकी आवश्यकताओं के अधीन, केवल समन्वय के साथ सशस्त्र कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देना शुरू किया। उन्होंने अपने मुकदमे में अदालत को बताया कि उनका संघर्ष पिस्तौल और बम पर आधारित नहीं था, बल्कि समाज के परिवर्तन पर आधारित था, जहां हर किसी के पास अपनी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन हो। संक्षेप में उनका संघर्ष समाजवाद की ओर था।

अध्ययन ने उन्हें विशेष रूप से जेल में अपनी दृष्टि का विस्तार करने में मदद की। वे हमेशा सोवियत संघ को संजोते थे और 1930 में नवंबर क्रांति (जैसा कि उन्होंने अक्टूबर क्रांति कहा था) की सालगिरह के अवसर पर, उन्होंने सोवियत संघ को शुभकामनाएं भेजीं, इसकी जीत की सराहना की, और सभी दुश्मनों के खिलाफ सोवियत संघ का समर्थन करने का भी वायदा किया।

23 मार्च, 1931 को, कांग्रेस के कराची अधिवेशन की पूर्व संध्या पर, भगत सिंह को मौत की सज़ा सुनाई गयी। उस समय भगत सिंह की उम्र मुश्किल से 24 वर्ष थी।

## आपके पत्र

### अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि

मैं खगोलशास्त्री तो नहीं, न ही कभी किसी खगोल वैज्ञानिक से रूबरू होने का अवसर मिला है, लेकिन समाचार पत्रों और चैनलों से अंतरिक्ष विज्ञान को थोड़ा बहुत समझने का मौका जरूर मिलता रहा है। हाल ही में एक ऐसी घटना घटी, जिसने अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि जोड़ दी। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर नौ महीने तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहने के बाद सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौट आए। यह मिशन मात्र एक सप्ताह के लिए था, लेकिन अंतरिक्ष यान में हीलियम रिसाव और वेग में कमी जैसी तकनीकी दिक्कतों के कारण उनका प्रवास नौ महीने तक बढ़ गया। अंतत: स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने 17 घंटे की यात्रा पूरी कर 19 मार्च की सुबह 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट के पास सफलतापूर्वक स्पलैशडाउन किया।

सुनीता विलियम्स सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और सफलता की जीवंत कहानी हैं। उनके पिता डॉ. दीपक पंडया मूल रूप से गुजरात के झुलासण गांव से थे। शायद उन्होंने भी कभी नहीं सोचा होगा कि उनकी बेटी एक दिन अंतरिक्ष में 300 से अधिक दिन बिताने वाली दुनिया की सबसे अनुभवी स्पेसवॉकर्स में शामिल होगी। खैर, हमे गर्वान्वित होने का पल मिला। सुनीता ने अपनी मेहनत से वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान में खास पहचान बनाई। इससे पहले, उन्होंने 2006 और 2012 के अभियानों में कुल 321 दिन अंतरिक्ष में बिताए और दुनिया की सबसे अनुभवी स्पेसवॉकर्स में शामिल हो गईं। उनके इस अतुलनीय योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया।

कल्पना करें कि 28,000 किमी प्रति घंटे की गति से अंतरिक्ष में घूम रहे यान के साथ तालमेल बिठाते हुए एक और यान भेजना, उससे जुड़ना और यात्रियों को सुरक्षित वापस लाना कितना चुनौतीपूर्ण कार्य है। यह विज्ञान की असाधारण सफलता है, जो अंतरिक्ष अभियानों की जटिलता और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है। इसरो, नासा और स्पेसएक्स जैसी अंतरिक्ष एजेंसियां लगातार नए आयाम छू रही हैं, ताकि भविष्य में चंद्रमा और मंगल जैसे ग्रहों पर मानव मिशन संभव हो सके।

यह मिशन सिर्फ एक अंतरिक्ष यात्रा नहीं था, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि अंतरिक्ष विज्ञान की संभावनाएं असीमित हैं। यह सफलता दिखाती है कि तकनीकी चुनौतियों के बावजूद विज्ञान सीमाओं को लांघने के लिए तैयार है। हम उस दिन से अधिक दूर नहीं जब मनुष्य सौर मंडल के अन्य ग्रहों पर भी अपने कदम रखेगा और अंतरिक्ष में स्थायी बस्तियां बसाने की दिशा में आगे बढ़ेगा। भारतीय मुल की यह बेटी अंतरिक्ष की दुनिया में अपना झंडा फहरा चुकी है,

इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए सुनीता विलियम्स और विज्ञान को सलाम।

**-प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### तपती धूप में सड़क का सफर

*'हरदा जाते समय हमने सोचा कि फोरलेन छोड़कर बैतूल के पहले बैतूलबाजार में निर्मित बालाजीपुरम में रुककर चाय पी लेंगे। एनआरआई उद्योगपति सैम वर्मा ने लगभग चालीस साल पहले बालाजी का एक छोटा सा मंदिर बनवाया था। अभी उसका भव्य रूप देखकर आश्चर्य हुआ। वहां तो सड़क के दोनों किनारे बाकायदा एक बाजार सज गया है। अतिथिशाला और बैंक की शाखाएं भी हैं। एक जगह सूचनापटल था- देश का पांचवा धाम। धर्मप्राण जनता को इसी सब में मानसिक शांति और संतोष मिलता है। लौटते समय हम इसी तरह राजमार्ग छोड़ ताप्ती नदी का उद्गम देखने मुलताई नगर में घुसे। मैंने लगभग पच्चीस वर्ष बाद ही ताप्ती कुंड के दर्शन किए। ध्यान आया कि पहले सड़क किनारे दूकानें थीं, जिनकी ओट में कुंड छुप जाता था, लेकिन वे शायद हटा दी गई हैं? छुटपुट ठेले, गुमटियां अवश्य थीं। ताप्ती कुंड में इस गर्मी में भी भरपूर पानी था, जिसे देखकर नेत्र और मन दोनों तृप्त हुए। स्मरणीय है कि मध्यप्रदेश की दो प्रमुख नदियों नर्मदा और ताप्ती पूर्व से पश्चिम की ओर बहते हुए गुजरात में अरब सागर में विलीन होती हैं। जबकि देश की अन्य प्रमुख नदियां पूर्व की ओर बहते हुए बंगाल की खाड़ी में विलीन होती हैं। ताप्ती कुंड का जल स्वच्छ था, उसमें बतखें तैर रही थीं, नौका विहार भी चल रहा था, कुल मिलाकर एक आह्लादकारी दृश्य था।'*

**(देशबन्धु में 20 जून 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/06/blog-post_20.html

## पावन प्रसंग

### प्राकृतिक चिकित्सा में जलोपवास वरदान

शरीर में विषैले पदार्थों का संचित होना ही 'रोग' है। रोगी होने पर मनुष्य तरह-तरह की चिकित्सा पद्धतियों को अपनाता है, जिनके अपने-अपने प्रभाव हैं; अपनी-अपनी विधियां हैं। कुछ दवाएं अपने मारक प्रभाव से इन विषैले पदार्थों को नष्ट करती हैं; जैसे- एंटीबायोटिक दवाएँ। कुछ इन विषैले पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने का प्रयास करती हैं; जैसे-प्राकृतिक चिकित्सा। कुछ शारीरिक पदार्थों में संतुलन पैदा करती हैं; जैसे- आयुर्वेदिक दवाएं।

स्वास्थ्य की दृष्टि से 'उपवास' परम लाभकारी है। इससे शरीर के विषैले पदार्थों का निष्कासन होता है। सामान्य तौर पर पूरे दिन केवल जल का सेवन करते हुए उपवास, एक समय आहार लेते हुए व्रत अवश्य करते रहना चाहिए। हिंदू, मुस्लिम, ईसाई आदि धर्मों में विभिन्न पर्व-त्योहारों पर व्रत-उपवास करने की परंपराएं हैं। इनके साथ लोगों की अपनी-अपनी आस्थाए जुड़ी हैं, लेकिन स्वास्थ्य-लाभ के लिए यदि व्रत-उपवास करना हो तो उसके संदर्भ में अपनी तरह से जानकारी होनी ही चाहिए।

व्यक्ति भोजन करता है तो उसके पाचन के बाद अनुपयोगी पदार्थों का निर्माण होता ही है। प्रकृति ने मल, मूत्र, कफ, पसीना आदि के माध्यम से इनके सतत निष्कासन की व्यवस्था की है। लेकिन जीवन आहार-विहार में असंयम के कारण जब शारीरिक अंग इन्हें निष्कासित नहीं कर पाते तो यही अपना विषैला प्रभाव दिखाकर रोगों के रूप में प्रकट होते हैं।

पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी का कथन है कि दुनिया में जितने लोग भुखमरी से मरते हैं, उससे कई-कई गुना अधिक लोग शरीर की आवश्यकता से अधिक खाने से मरते हैं। जिन्हें स्वस्थ जीवन जीना हो, उन्हें आहार संयम के साथ शरीरगत मलों के निष्कासन का सतत प्रयास करते रहना चाहिए। उपवास उनके ऐसे प्रयासों में रामबाण औषधि सिद्ध हो सकते हैं।

रोग शरीरगत विषैले पदार्थों के अधिक मात्रा में संचित होने की सूचना है। सो इस पर जो ध्यान देते और मलों के निष्कासन का प्रयास करते हैं, वे दीर्घजीवी होते हैं। रोग केवल ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, गठिया, दमा आदि ही नहीं होते, शरीर में आलस्य, निरुत्साह, थकान भी रोगों की श्रेणी में आते हैं। यदि इन सामान्य संकेतों के समय ही सक्रिय होकर उपवास जैसे सामान्य-से उपायों से उनका शमन किया जा सके, तो बड़े रोगों की संभावनाएं क्षीण हो जाती हैं। अत: विद्यार्थी, किशोर, युवक, प्रौढ़, वृद्ध नर-नारी सभी के लिए उपवास एक अत्यन्त प्रभावी चिकित्सा सिद्ध हो सकती है।

वस्तुत: रूग्णावस्था में प्रकृति ही हमें उपवास की प्रेरणा देती है। ऐसी अवस्था में हमें भूख नहीं लगती, लेकिन हम कमजोर न हो जाएं ऐसा सोचते हुए कुछ न कुछ खाते रहते हैं, जो एक बड़ी भूल है। जुकाम, बुखार, दरद, दस्त आदि के माध्यम से प्रकृति ही शरीर की गंदगी को दूर करना चाहती है। ऐसे में कुछ खाते रहना मल विसर्जन की प्राकृतिक क्रिया में अवरोध पहुंचाना है। पशु पक्षी प्रकृति के नियमों का उल्लंघन नहीं करते, इसलिए वे बीमार नहीं होते। किन्ही कारणों से यदि वे बीमार हो जाते हैं तो फिर भोजन की ओर आंख उठाकर भी नहीं देखते।

**-युग निर्माण योजना**

# खेल जगत

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स के माध्यम से हमारे एथलीटों को सर्वश्रेष्ठ अवसर मिल रहे हैं : मांडविया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर के केडी जाधव इंडोर हॉल में आठ दिनों चलने वाले दूसरे खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के जरिए हमारे एथलीटों को सर्वश्रेष्ठ अवसर मिल रहे है। आज यहां आयोजित समारोह में छह पैरालिंपियन-सिमरन शर्मा (एथलेटिक्स), प्रवीण कुमार (बैडमिंटन), नितेश कुमार (बैडमिंटन), नित्या श्री (बैडमिंटन) और प्रीति पाल (एथलेटिक्स) केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, अरुणाचल प्रदेश के खेल मंत्री केंटो जिनी और भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष और पूर्व पैरालिंपियन देवेंद्र झाझरिया के साथ खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाने के लिए एक अनूठी मशाल रैली में शामिल हुए।

# भारतीय टीम को बीसीसीआई देगी 58 करोड़ रुपए का नकद इनाम

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। रोहित शर्मा की अगुआई में दुबई में फाइनल में न्यूजीलैंड को हराने सहित अजेय रह अपने सभी पांचों मैच जीत आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 58 करोड़ रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की। यह वित्तीय सम्मान भारतीय क्रिकेट टीम के सभी खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ तथा पुरुष चयन समिति के सदस्यों का सम्मान है।

**भारत का लगातार दो आईसीसी खिताब जीतना खास : बिन्नी**

बीसीसीआई के अध्यक्ष रॉजर बिन्नी ने कहा, 'भारत का लगातार दो आईसीसी खिताब (पहले आईसीसी टी 20 विश्व कप और अब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी) जीतना खास है। यह पुरस्कार वैश्विक मंच पर भारतीय क्रिकेट टीम के समर्पण और उत्कृष्टता का मान है। यह नकद पुरस्कार पर्दे के पीछे की गई सभी की कड़ी मेहनत को भी मान्यता देता है। यह बताता है हमारे भारत में क्रिकेट का मजबूत इकोसिस्टम है।'

**भरोसा टीम आने वाले बरसो में भी चमकदार प्रदर्शन जारी रखेगी :द साइकिया**

बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत साइकिया ने कहा, 'बीसीसीआई को भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को इस पुरस्कार से सम्मानित करने पर गर्व है। भारतीय क्रिकेट टीम का विश्व क्रिकेट में दबदबा उनकी मेहनत और रणनीति को मैदान पर अमली जामा पहनाने का नतीजा है। भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की खिताब जीत उसकी सफेद गेंद से आईसीसी में शीर्ष रैंकिंग को सही साबित करती है। हमें पूरा भरोसा है कि हमारी भारतीय टीम आने वाले बरसो में भी ऐसा चमकदार प्रदर्शन जारी रखेगी। हमारी भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के समर्पण और प्रतिबद्धता ने एक नया मानदंड स्थापित किया है। हमें पूरा भरोसा है कि भारतीय क्रिकेट टीम वैश्विक मंच पर इसी तरह और अपना स्तर और उंचा करती रहेगी।'

**चैंपियंस ट्रॉफी खिताबी कामयाबी हमारी मजबूत क्रिकेट प्रणाली का प्रतिबिंब : देसाई**

बीसीसीआई के संयुक्त मानद सचिव रोहन देसाई ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट टीम पूरी चैंपियंस ट्रॉफी में मजबूत दिखी और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल वाकई गजब का रहा। उसने भारत,भारतीय क्रिकेट टीम के दुनिया भर के प्रशंसकों को बेहद खुशी दी। हमारी भारतीय टीम की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खिताबी कामयाबी हमारी मौजूदा मजबूत क्रिकेट प्रणाली का प्रतिबिंब है। हम विश्व क्रिकेट में अपनी श्रेष्ठता बनाए रखने के लिए अपनी क्रिकेट प्रणाली को इसी तरह मजबूत बनाए रखेंगे।

**यह खिताबी कायमाबी देश भर के उदीयमान क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा : राजीव शुक्ला**

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'यह नकद इनाम हमारी टीम के पूरी चैंपियंस ट्रॉफी में उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान है। हमारे खिलाड़ियों ने दबाव में गजब का धैर्य दिखाया। हमारी भारतीय टीम की यह खिताबी कायमाबी देश भर के उदीयमान क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा है। भारतीय टीम ने एक बार फिर साबित किया कि वह कौशल की मजबूत बुनियाद, मानसिक मजबूती और जीत की मानसिकता के साथ मजबूती से खड़ी है।

## पीवी सिंधु पहले दौर में हारकर स्विस ओपन से हुई बाहर

**बसेल (स्विट्जरलैंड),** 20 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु स्विस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले में डेनमार्क की जूली जैकबसेन से पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। बुधवार को खेले गये मुकाबले में सिंधु को 61 मिनट तक चले मुकाबले में जूली जैकबसेन से 21-17, 21-19 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु इस वर्ष लगातार तीसरी बार पहले दौर में हारी है। पुरुष एकल में, किदांबी श्रीकांत ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के अपने शुरुआती दौर में हमवतन एचएस प्रणय के खिलाफ कड़ी चुनौती के बीच मुकाबला 23-21, 23-21 से जीत लिया। श्रीकांत दूसरे दौर में चीन के ली शिफेंग से भिड़ेंगे। वहीं क्वालीफायर शंकर सुब्रमण्यन ने मैग्नस जोहानसन पर 21-5, 21-16 से शानदार जीत के साथ पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 35वें स्थान पर काबिज भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत ने स्थानीय खिलाड़ी टोबियास कुएंजी को मात्र 29 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर पुरुष एकल स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका अगले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से मुकाबला होगा।

# मैं भारतीय हॉकी के सुनहरे दौर को वापस लाना चाहता हूं : अभिषेक



■ अंतिम लक्ष्य भारत को ओलंपिक में स्वर्ण व पुरुष हॉकी विश्व जिताना

■ फोकस और गोल कर भविष्य में भारत को और टूर्नामेंट जिताने पर

■ पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीतने पर पदक मंच पर खड़ा होना सबसे खास

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली सीमा से एकदम सटे हरियाणा के छोटे से कस्बे सोनीपत के बाशिंदे अभिषेक नैक भारत के सबसे तेज तर्रार स्ट्राइकर हैं और मॉडर्न हॉकी के मुताबिक अपने खेल को ढाल चुके हैं। 25 बरस के अभिषेक ने भारत को 2024 में पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कांस्य जिताने के साथ चीन में पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई। भारत के लिए 2024 में ओलंपिक सहित अहम हॉकी टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए उन्हें भारत सरकार ने अर्जुन पुरस्कार और सातवें हॉकी इंडिया सालाना अवार्ड में हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै अवार्ड फॉर द फॉरवर्ड ऑफ द ईयर 2024 से नवाजे जाने का पांच लाख रुपये का पुरस्कार भी दिया। अभिषेक डी के भीतर अचूक निशाने जमा गोल करने में तो माहिर हैं ही उन्हें दुनिया और भारत के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकर अपने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के लिए पेनल्टी कॉर्नर बनाना भी खूब आता है। अभिषेक ने पेरिस ओलंपिक में दो गोल कर भारत को कांस्य और चीन में 2024 की चैंपियंस ट्रॉफी में भी दो गोल कर भारत को पांचवीं खिताब जिताने में अहम भूमिका अदा की। अभिषेक की निगाहें अब भविष्य में और भारत को और बड़ी जीत दिलाने पर हैं। अभिषेक ने कहा, 'मेरा अंतिम लक्ष्य अब भारत को ओलंपिक में स्वर्ण पदक और अगले साल पुरुष हॉकी विश्व जिताना है। हम यदि ऐसी कामयाबियां हासिल करेंगे तो स्वतः अवार्ड मिलेंगे। मैं भारतीय हॉकी के सुनहरे दौर को वापस लाना चाहता हूं और मैं इस सपने को हकीकत में बदलने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा।'

लगातार दूसरी बार हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै अवार्ड फॉर द फॉरवर्ड ऑफ द ईयर 2024 से नवाजे जाने पर कहा ,'यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं बल्कि यह पखरी टीम और सपोर्ट स्टाफ का है । हॉकी एक टीम चशल है और इसमें किसी भी खिलाड़ी की कामयाबी में पूरी टीम का योगदान होता है। मैं लगातार दूसरी बार हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै अवार्ड फॉर द फॉरवर्ड ऑफ द ईयर 2024 मिलने पर बेहद फख्र महसूस कर रहा हूं। मैं अपनी टीम के साथियों और हॉकी उस्तादों का आभारी हूं कि उन्होंने मुझमें विश्वास जताया। हम पूरे साल कड़ी मेहनत करते हैं और ऐसे में अपनी मेहनत के लिए सम्मानित किए जाना हमेशा खास है। मेरा फोकस और गोल कर भविष्य में भारत को और टूर्नामेंट जिताने पर है। साथ ही अर्जुन पुरस्कार जीतने पर अभिषेक ने कहा,'अर्जुन पुरस्कार जीतना मेरे और मेरे परिवार के लिए खास क्षण है। मेरे लिए पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीतने पर पदक मंच पर खड़ा होना सबसे खास है और इसकी तुलना किसी और चीज से नहीं की जा सकती।'

## गुजरात टाइटन्स ने आईपीएल के लिए कसी कमर

**अहमदाबाद,** 20 मार्च (एजेंसियां)। गुजरात टाइटन्स कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के रोमांचक सीजन के लिए तैयार है। आज यहां गुजरात टाइटन्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर कर्नल अरविंदर सिंह, क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी, मुख्य कोच आशीष नेहरा, असिस्टेंट कोच पार्थिव पटेल और कैप्टन शुभमन गिल ने आगामी अभियान के लिए टीम की तैयारियों, रणनीतियों और विजन पर जानकारी साझा की। टाइटन्स अपने सीजन की शुरुआत 25 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ करेंगे। एक मजबूत टीम और सावधानीपूर्वक योजना के साथ, फ्रैंचाइजी पूरे सीजन में ऑन-फील्ड सफलता और प्रशंसकों को बेजोड़ अनुभव देने पर केंद्रित है। गुजरात टाइटन्स के सीओओ कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा कि हर आईपीएल सीजन नया उत्साह लेकर आता है और इस साल भी ऐसा ही है। एक फ्रैंचाइजी के तौर पर हमारा ध्यान सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है, हम स्टेडियम के अंदर प्रशंसकों को बेहतरीन अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आकर्षक गतिविधियों से लेकर टिकट की निर्बाध उपलब्धता तक, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि टाइटन्स के प्रशंसक इस सीजन में कुछ खास का हिस्सा बनें।

# पराग राजस्थान रॉयल्स की आईपीएल 2025 के शुरू के तीन मैचों में कप्तानी करेंगे

■ संजू सैमसन पूरी फिट होने पर कप्तानी संभालेंगे



**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। बैटिंग ऑलराउंडर रियान पराग राजस्थान रॉयल्स की 18 वीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल ) 2025 के शुरू के तीन क्रिकेट मैचों में कप्तानी करेंगे। उंगली की चोट से उबरने में जुटे नियमित कप्तान विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन को जब तक विकेटकीपिंग करने के लिए फिट नहीं घोषित किया जाता तब तक वह खालिस बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे। संजू सैमसन को पिछले महीने उंगली में चोट लगी थी और इसके बाद उनकी उंगली का ऑपरेशन करने के बाद बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कराने के बाद सोमवार को ही राजस्थान रॉयल्स टीम से जुड़े। राजस्थान रॉयल्स के पास बतौर विकेटकीपर संजू की जगह ध्रुव जुरेल हैं। सैमसन को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें व अंतिम टी 20 मैच में जोफ्रा आर्चर की गेद पर चोट लगी थी । राजस्थान रॉयल्स की विज्ञप्ति में कहा गया कि संजू सैमसन पूरी तरह फिट पर टीम की कप्तानी का जिम्मा संभालेंगे। जुरेल ने फरवरी में संजू सैमसन की जगह फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ भी पांचवें व आखिरी टी20 मैच में भी विकेटकीपिंग का जिम्मा संभाला था राजस्थान रॉयल्स के नियमित कप्तान सैमसन ने कहा कि 'मैं अभी भी शुरू के तीन मैचों के लिए पूरी तरह फिट नहीं है। यह पहला मौका होगा जब रियान पराग आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करेंगे। पराग 2019 से आईपीएल में बराबर राजस्थान रॉयल्स की टीम का हिस्सा है और फ्रेंचाइजी ने उन्हें 14 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। 2024 की आईपीएल में पराग ने राजस्थान रॉयल्स के लिए चार अर्धशतकों की बदौलत सबसे ज्यादा 572 रन बनाए थे और वह पिछले संस्करण में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। 2024 के आईपीएल के शानदार प्रदर्शन के बूते ही पराग ने भारत की टी20 और वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों की टीम मं जगह बनाई थी। पराग आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद 26 मार्च को मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 26 मार्च को गुवाहाटी में खेले जाने वाले अपने घरेलू मैचों मे और 30 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करेंगी। राजस्थान रॉयल्स ने एक वक्तव्य जारी कर कहा, 'हमारा पराग को राजस्थान रॉयल्स की शुरू के तीन मैचों में कप्तानी सौंपना उनकी नेतृत्व क्षमता में भरोसा जताना है।

## नाइट्स अनप्लग्ड 2.0 में एकत्रित हुए केकेआर के सितारे

**कोलकाता,** 20 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमीयर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स की स्टार-स्टडेड टीम बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण में आयोजित नाइट्स अनप्लग्ड 2.0 इवेंट के मंच पर अपने प्रशंसकों के समक्ष पेश हुए। बुधवार को हुये इस कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक उत्साही प्रशंसकों का एक हुजूम बैंगनी और सुनहरे रंग को जर्सी में सजे अपने क्रिकेट नायकों को करीब से देखने के लिए इकट्ठा हुआ। इस उत्सव में केकेआर की तीन चैंपियनशिप ट्रॉफियाँ भी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में मौजूद टीम के कुछ प्रमुख सदस्यों में कप्तान अजिंक्य रहाणे, उप कप्तान वेंकटेश अय्यर, मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित, टीम मेंटर डीजे ब्रावो और केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री वेंकी मैसूर शामिल थे। इन सबने नए सीजन के नए अभियान से पहले अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने प्रशंसकों को उनके बिना शर्त समर्थन के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि इस फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनना वास्तव में सम्मान की बात है। हमें जो प्यार और समर्थन मिलता है, उसे देखकर मैं रोमांचित हो गया हूं। मुझे नहीं लगता कि कोलकाता जैसा कोई दूसरा शहर है - जब ईडन गार्डन स्टेडियम बैंगनी और सुनहरे रंग से भर जाता है, तो केकेआर और पसंदीदा खिलाड़ियों के लिए उनके नारे वास्तव में पूरी टीम का उत्साह बढ़ाते हैं।

## सार संक्षेप

### आईपीएल में गेंद पर लार लगाने की मिली अनुमति

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गेंदबाजों को गेंद पर लार लगाने की अनुमति मिल गई हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में गुरुवार को गेंदबाजों द्वारा गेंद पर लार के उपयोग को लेकर बीसीसीआई अधिकारियों और आईपीएल कप्तानों बैठक में अधिकांश कप्तानों की ओर से इस प्रतिबंध को हटाने पर सहमति व्यक्त किये जाने के बाद यह फैसला किया गया। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 महामारी के दौरान आईसीसी ने गेंद पर लार लगाने की प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद सितंबर 2022 में आईसीसी ने इस प्रतिबंध को स्थायी रूप दे दिया था। गेंदबाजों को गेंद चमकाने के लिए पसीने का इस्तेमाल करने की अनुमति मिलने के बाद, खेल के शीर्ष खिलाड़ियों ने लार की जगह कृत्रिम पदार्थ के इस्तेमाल की अनुमति देने की मांग की थी। जसप्रीत बुमराह ने तब कहा था कि गेंदबाजों के लिए गेंद को चमकाने के लिए कोई विकल्प होना चाहिए। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की जीत के बाद संवाददाताओं से कहा था, हम रिवर्स स्विंग कराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन गेंद पर लार के इस्तेमाल की अनुमति नहीं है।

### ईसीबी ने शाकिब की गेंदबाजी पर लगाए निलंबन को किया समाप्त

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बंगलादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की गेंदबाजी पर लगाये गये निलंबन को समाप्त कर दिया है। इसी के साथ उन्हें सभी प्रतियोगिताओं और द हंड्रेड में फिर से गेंदबाजी करने की अनुमति मिल गई है। बंगलादेश के शाकिब पर सितंबर 2024 में काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए खेले गये एक मैच में अंपायरों ने उनकी गेंदबाजी एक्शन को लेकर शिकायत की थी। दिसंबर में एक स्वतंत्र मूल्यांकन में पाया गया कि उनकी गेंदबाजी एक्शन ईसीबी नियमों द्वारा अनुमत 15 डिग्री सीमा से अधिक था जिसके बाद उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। एक महीने बाद भारत में उनकी गेंदबाजी एक्शन की फिर से जांच की गई।

## विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैम्पियनशिप 2025 में भारतीय एथलीट नहीं लेंगे भाग

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। चीन के नानजिंग में शुक्रवार से शुरु होने वाली विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप (डब्ल्यूआईसी) 2025 में भारत का कोई भी एथलीट प्रतिभाग नहीं करेगा। डब्ल्यूआईसी नानजिंग 2025 के लिए आधिकारिक प्रवेश सूची में चीन में 21 से 23 मार्च तक चलने वाली विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप के लिए पांच भारतीय एथलीट तेजस शिरसे और माधवेंद्र शेखावत (पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़), ज्योति याराजी (महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़), एंसी सोजन (महिलाओं की लंबी कूद) और ऐश्वर्या मिश्रा (महिलाओं की 400 मीटर) ने शीर्ष खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था, लेकिन उन्होंने इस आयोजन में प्रतिभाग नहीं लेने का विकल्प चुना। विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप 2025 में लगभग 120 देशों के लगभग 500 एथलीट भाग लेंगे। नानजिंग स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर में तीन दिनों तक चलने वाली 26 स्पर्धाओं के लिए एथलीट



प्रतिस्पर्धा करेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले साल, स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप 2024 में भारत को एक भी पदक नहीं मिला था, जब जेसविन एल्ड्रिन पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में 13वें स्थान पर रहे थे और प्रवीण चित्रवेल ट्रिपल जंप में 11वें स्थान पर रहे थे। भारत ने विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में कभी कोई पदक नहीं जीता है।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्स प्रतिस्पर्धा करने और कौशल को बढ़ाने का एक मंच

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। मशहूर पैरालिंपियन सुमित अंतिल और देवेंद्र झाझरिया ने राजधानी में शुरू हो रहे खेलो इंडिया पैरा गेम्स के दूसरे संस्करण में हिस्सा लेने वाले 1300 से अधिक खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह उभरते हुए एथलीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करने और अपने कौशल को बढ़ाने का एक मंच है। अंतिल ने साई मीडिया से कहा कि मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स वापस आ गए हैं। मैं उभरते हुए एथलीटों को शुभकामनाएं देता हूं। यह उभरते हुए एथलीटों और अनुभवी एथलीटों दोनों के लिए प्रतिस्पर्धा करने और अपने कौशल को बढ़ाने का एक मंच है। झाझरिया ने कहा कि इन एथलीटों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं। पिछले साल भी, पेरिस में पैरालिंपिक में लगभग 7-8 पदक उन एथलीटों द्वारा जीते गए थे जिन्होंने खेलो इंडिया में भी भाग लिया था।

## गिलक्रिस्ट ने विस्फोटक बल्लेबाज मैक्गर्क को चेताया

# आईपीएल में खराब प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

■ पिछले साल फ्रेजर-मैक्गर्क को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया था



**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने चेतावनी दी है कि अगर फ्रेजर-मैक्गर्क आईपीएल में जल्दी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए, तो उन्हें दिल्ली कैपिटल्स में बेंच पर बैठना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि आईपीएल फ्रेंचाइजी खराब फॉर्म को ज्यादा दिन तक नहीं सहती हैं। पिछले साल फ्रेजर-मैक्गर्क को दिल्ली कैपिटल्स ने एक चोटिल खिलाड़ी की जगह टीम में शामिल किया था। उन्होंने अपने पहले आईपीएल में नौ पारियों में 330 रन बनाए, जिनमें चार अर्द्धशतक शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 234.04 था, जो टूर्नामेंट में दूसरा सबसे ज़्यादा था। हालांकि, कैपिटल्स ने उन्हें रिटेन नहीं किया, लेकिन 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल कर नीलामी में 9 करोड़ रुपये में दोबारा खरीद लिया। मगर पिछले एक साल में फ्रेजर-मैक्गर्क के टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन में गिरावट आई है। पिछली 24 पारियों में उन्होंने सिर्फ 382 रन बनाए हैं, औसत 15.91 और स्ट्राइक रेट 136.91 रहा है। गिलक्रिस्ट ने फॉक्स क्रिकेट से बातचीत में कहा कि दिल्ली ने उन पर भरोसा जताया है, लेकिन उन्हें अच्छे प्रदर्शन से इसकी कीमत चुकानी होगी। आईपीएल में फ्रेंचाइजी, मालिक और कोच बहुत ज्यादा दिन तक नाकामी बर्दाश्त नहीं करते। अगर आप टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत करते हैं, तो आपको आगे टिके रहने का समय मिल जाता है। फ्रेजर-मैक्गर्क को शुरुआत से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा ताकि वह टीम के लिए उपयोगी साबित हो सकें। गिलक्रिस्ट को उम्मीद है कि अरुण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच और छोटी बाउंड्री पर फ्रेजर-मैक्गर्क अच्छा खेल दिखा सकते हैं, बशर्ते वे शुरुआत में बहुत आक्रामक खेलने की कोशिश न करें। गिलक्रिस्ट ने कहा कि पिछले साल यह विकेट बड़े स्कोर वाले मैचों के लिए मशहूर था। सभी अवसर उनके लिए उपलब्ध रहेंगे, अब यह उन पर निर्भर करता है कि वे इन मौकों का सही फायदा उठाएं। वह संतुलित मानसिकता वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन जरूरी है कि वह अपने खेल पर नियंत्रण बनाए रखें और बिना जल्दबाज़ी किए अपनी स्किल्स का अच्छा उपयोग करें।

# डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टूर्नामेंट : मानुष और दीया को वाइल्डकार्ड, भारत के रिकॉर्ड 19 पैडलर मैदान में

**चेन्नई,** 20 मार्च (एजेंसियां)। भारत में पहली बार किसी डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टूर्नामेंट में 19 टेबल टेनिस खिलाड़ी और 27 प्रविष्टियां मुख्य ड्रॉ में शामिल होंगी। राष्ट्रीय चैंपियन मानुष शाह, दीया चितले और अन्य को डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2025 के लिए वाइल्डकार्ड प्राप्त हुए हैं। यह प्रतियोगिता 25 से 31 मार्च 2025 तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में होगी। पुरुष डबल्स में अनुभवी अचंता शरत कमल और उनके जोड़ीदार स्नेहित



सुरवाजुला को भी वाइल्डकार्ड मिला है। महिला सिंगल्स के सभी चार वाइल्डकार्ड भारत की ही खिलाड़ियों को दिए गए हैं, जिनमें अनुभवी सुतीर्था मुखर्जी, कृत्तिका सिन्हा रॉय, स्वस्तिका घोष और राष्ट्रीय चैंपियन दिया चितले

■ पुरुष डबल्स में अनुभवी अचंता शरत कमल और उनके जोड़ीदार स्नेहित सुरवाजुला को भी वाइल्डकार्ड मिला

शामिल हैं। पुरुष सिंगल्स में स्नेहित भी मनुश के साथ वाइल्डकार्ड पाने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। विदेशी खिलाड़ियों में, दक्षिण कोरिया के पार्क गांग्ह्योन, जो 2022 एशियाई खेलों में रजत पदक जीत चुके हैं, और माल्टा के किम ताएह्यून को मुख्य ड्रॉ में वाइल्डकार्ड मिला है। नए खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए वाइल्डकार्ड दिए गए हैं। डब्ल्यूटीटी ने सुहाना सैनी और तनीषा कोटेचा को उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए वाइल्डकार्ड दिया है, वहीं अंकुर भट्टाचार्य और दक्षिण कोरिया की यू येरिन को डब्ल्यूटीटी यूथ नॉमिनेशन के तहत चुना गया है। डबल्स में सभी वाइल्डकार्ड भारतीय जोड़ीदारों को दिए गए हैं। शरत कमल, जो इस टूर्नामेंट के बाद खेल को अलविदा कहेंगे, स्नेहित के साथ पुरुष डबल्स में उतरेंगे।

## मोनफिल्स एटीपी मास्टर्स 1000 में मैच जीतने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने




**मियामी,** 20 मार्च (एजेंसियां)। गेल मोनफिल्स ने मियामी ओपन में इतिहास रच दिया। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम है। एटीपी नंबर 1 क्लब मेंबर कॉनर्स ने 1992 में 39 साल की उम्र में मियामी में मैच जीता था, जो अब तक का सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड है। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, 38 वर्षीय फ्रेंच खिलाड़ी मोनफिल्स ने फ्लोरिडा में खेले गए पहले दौर के मुकाबले में हंगरी के फेबियन मारोजान को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। यह मैच 1 घंटे 44 मिनट तक चला। मोनफिल्स ने 38 विजयी शॉट लगाए और 18 अनफोर्स्ड एरर करके जीत हासिल की। जीत के साथ मोनफिल्स दूसरे दौर में पहुंच गए, जहां उनका मुकाबला जिरी लेहेचका से भिड़ने के लिए तैयार हो गए। मोनफिल्स ने कहा कि मैंने कुछ अलग तरह के कोणों पर शॉट मारे, तेज दौड़ लगाई और सही समय पर अनुमान लगाया। मैंने उसे हावी नहीं होने दिया और अपने शॉट्स को ज्यादा गहराई तक मारा। इससे पहले, अलेक्जेंडर बुब्लिक ने 2025 में आउटडोर कोर्ट पर अपनी पहली टूर-स्तरीय जीत हासिल की।

## मियामी ओपन : किर्गियोस ने 896 दिनों में दर्ज की अपनी पहली जीत

**मियामी,** 20 मार्च (एजेंसियां)। निक किर्गियोस ने मियामी ओपन में अमेरिकी क्वालीफायर मैकेंजी मैकडोनाल्ड को हराकर 2022 के बाद अपना पहला एटीपी टूर मैच जीता। 29 वर्षीय किर्गियोस पिछले 18 महीनों से पैर और कलाई की चोटों से परेशान थे और इस साल की शुरुआत में उन्होंने दोबारा खेलना शुरू किया। कलाई की लगातार तकलीफ के कारण किर्गियोस पिछले दो साल से टेनिस से दूर थे। कुछ हफ्ते पहले इंडियन वेल्स में उन्हें पहले ही दौर में मैच छोड़ना पड़ा था, लेकिन मियामी ओपन में उन्होंने मैकडोनाल्ड को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर शानदार वापसी की। अक्टूबर 2022 में जापान ओपन में दूसरे दौर के मुकाबले के बाद से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को जीत नहीं मिली थी और यह अब यह जीत 896 दिनों के बाद आई।

## नगर पालिका की बैठक में जमकर हुआ हंगामा

# 181 प्रस्तावों में से 172 पर बनी सहमति



टीकमगढ़, देशबन्धु। नगर पालिका की 6 महीने बाद गुरुवार को बुलाई गई साधारण सभा की बैठक में जमकर हंगामा हुआ। इसमें शहर के 27 वार्डों के विकास कार्यों से जुड़े 181 प्रस्ताव रखे गए। इनमें से 172 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी मिल गई। बाकी बचे बिंदुओं पर सहमति नहीं बन सकी।सीएमओ ओमपाल सिंह और अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार की मौजूदगी में हुई बैठक में पहला विवाद कुछ महिला पार्षदों के पतियों की उपस्थिति को लेकर शुरू हुआ। भाजपा पार्षद हबीब राइन ने इस पर आपत्ति जताई। इस मुद्दे पर पार्षद और पार्षद पति के बीच तीखी बहस हो गई।भाजपा पार्षद अभिषेक खरे ने पिछली बैठकों में पास किए गए प्रस्तावों पर कार्य न होने का मुद्दा उठाया। कांग्रेस पार्षद पूनम जायसवाल ने अपने वार्ड में विकास कार्यों की मांग की। पार्षदों ने पिछले दिनों कलेक्टर से मिलकर 6 महीने से बैठक न होने की शिकायत की थी। कलेक्टर के निर्देश पर यह बैठक बुलाई गई। करीब 5.30 घंटे चली बैठक का अधिकांश समय पार्षदों के आपसी विवाद में बीता। बचे हुए 9 प्रस्तावों पर अगली बैठक में चर्चा होगी।

### इन पर बनी सहमति

बैठक में वार्ड क्र 02 में निषादराज भवन में अतिरिक्त 2 कक्ष एवं किचन निर्माण कार्य की दर एवं वित्तीय स्वीकृति, वार्ड क्र 02 में गिन्नी यादव के घर से लली यादव के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य की दर एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार, वार्ड नं 02 पुरानी टेहरी में संजीवनी हॉस्पिटल के पास ललितपुर बायपास पर रजक समाज मोहल्ला में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की दर एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार, वार्ड नं 03 में राजेश मिश्रा के मकान से राजू पटैरिया के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य की दर एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार,वार्ड नं 03 में विश्वनाथ मंदिर से शैलेश मोदी के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य की दर एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार, वार्ड नं 03 में सोलंकी टायर की दुकान से जैन मंदिर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य की दर एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार वार्ड क्र 05 में राजू अहिरवार के घर से तालाब तक चली निर्माण कार्य की दर एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचारवार्ड नं 05 में सिंचाई कॉलोनी एवं आशू कुशवाहा से अनीश कुशवाहा एवं रसगुल्ले कुशवाहा के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य की दर एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार वार्ड नं 5 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य की दर एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार,वार्ड क्र 07 में शीतल सिंघई से अनिल जैन तक सीसी रोड़ की दर स्वीकृति पर विचार, वार्ड क्र 07 में शर्मा जी के मकान से सोनी के मकान तक सीसी कार्य की दर स्वीकृति पर विचार,वार्ड नं 10 में वाहिद खांन के मकान से मैन रोड तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य की दर एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार, वार्ड नं 10 में बौद्ध विहार कॉलोनी में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य की दर एवं वित्तीय स्वीकृति सहित 172 बिंदुओं पर सहमति बन गई।

**इन बिंदुओं को छोड़ा :** प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन 9 बिंदुओं पर विचार नहीं हुआ उनमें विंदू क्रमांक 105, 109, 110, 113 ,124, 177, 178, 155,126 शामिल हैं। कायाकल्प 2.0 योजना के तहत सीसी सड़क पुनरीक्षित, वार्ड 1 से 27 तक आर सीसी नाली निर्माण पुनरीक्षित, वार्ड 1 से 27 तक सीसी, नाली, क्रॉसिंग निर्माण कार्य को पुनरीक्षित सहित अन्य प्रस्ताव बहस की भेंट चढ़ गई और इन्हें पार्षदों ने खारिज कर दिया।

# कलेक्टर ने भड़रा तथा सुनौनी में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिपं सीईओ नवीत कुमार धुर्वे तथा संबंधित अधिकारियों के साथ जनपद पंचायत के आदिवासी बाहुल्य ग्राम भड़रा तथा ग्राम सुनौनी में जनचौपाल लगाकर ग्रामवासियों से चर्चा की तथा उनकी समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनचौपाल के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बुंदेलखंड की ज्वलंत समस्या श्रमिकों के पलायन को लेकर ग्रामवासियों से व्यक्तिश: चर्चा की। साथ ही उन्होंने श्रमिकों के ग्राम से पलायन करने की वस्तुस्थिति को जाना। इस दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जिले से पलायन को रोक कर लोगों को अपने ग्राम और नगर में ही रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जिले में श्रमिकों के पलायन को रोकने हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सभी विभागों के समन्वय के साथ रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए, जिससे श्रमिकों को आगामी ग्रीष्म ऋतु में उनके गाँव में ही रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें और पलायन को रोका जा सके। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने ग्रामीणजनों से चर्चा के दौरान ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी तथा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने ग्रामीणजनों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री अंजली मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ आशीष अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई जाएगी साहू समाज की आराध्य मां कर्माबाई जयंती



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** साहू समाज धर्मशाला रोरैइया मोहल्ला में साहू समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्त शिरोमणि मां कर्माबाई की 1009वीं जन्म जयंती पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजनों पर सभी समाज की आम सहमति बनी। साहू समाज अध्यक्ष महेश साहू ने बताया कि सुबह 7 कुंडेश्वर धाम में कथा पूजन एवं प्रसाद वितरण सुबह 9 बजे मां कर्माबाई मंदिर पठा दरवाजा में कथा पूजन एवं प्रसाद वितरण दोपहर 12 बजे से साहू समाज धर्मशाला रोरैइया मोहल्ला से विशाल शोभायात्रा प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए रोरइया दरवाजा पर समापन होगा। शोभायात्रा समापन उपरांत समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान एवं अतिथियों का सम्मान कार्यक्रम और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। साथ ही एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से दिनेश साहू, राजेंद्र साहू, रमेश साहू, राकेश साहू, जगतराम साहू, रामसेवक साहू, नरेश साहू, बंसीलाल साहू, मुन्ना साहू, सुंदर साहू, भगवानदास साहू, भानु साहू, दशरथ साहू, अजय साहू, प्रदीप साहू, खुशीलाल साहू, हरिओम साहू, राजेश साहू, सुनील साहू, बंटी साहू, दीपक साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज बंधु उपस्थित रहे।

## नाबालिग बालिका परिजनों को बिना बताए लापता

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से 15 वर्षीय नाबालिग बालिका परिजनों को बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों ने बालिका को तलाश किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने इस घटना की रिपोर्ट पुलिस थाने में की गई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफमामला दर्ज कर गुमशुदा नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से 18 मार्च की दोपहर को 15 वर्षीय नाबालिग बालिका अपने घर से कहीं चली गई। दोपहर एक बजे नाबालिग के माता पिता खेत से घर तो बालिका वहां पर नहीं मिली। परिजनों ने बालिका को आसपास व रिश्तेदारी में तलाश किया, लेकिन आज तक कोई जानकारी नहीं मिली। फरियादी पिता ने बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति बालिका को बहला फुसलाकर अपने साथ कहीं लेकर चला गया है। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफमामला दर्ज कर गुमशुदा बालिका की तलाश शुरू कर दी है।

## सरपंच सहित ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

# जल जीवन मिशन योजना के ट्यूबवेल और श्मशान की जमीन से अवैध कब्जा हटाया जाए




**जतारां, देशबन्धु।** जनपद पंचायत पलेरा की ग्राम पंचायत भगवंतपुरा में श्मशान घाट की जमीन और ट्यूबवेल पर अवैध कब्जा किए जाने के विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों ने सरपंच के साथ जतारा तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है और अवैध कब्जा हटाई जाने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल से जल पहुंच जाने के लिए पीएचई विभाग के द्वारा ट्यूबवेल खनन कर बोर करवाया गया था। उक्त बोर पर्याप्त पानी निकालने के बाद ग्रामीणों को मीठी की गांव के लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी मिलेगा। नल-जल योजना का काम पूरा होता, उससे पहले ही पड़ोसी गांव बाबई गांव के फुंद्दन कुशवाहा के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। स्वयं की मोटर डालकर अपने खेतों की सिंचाई कर रहे हैं, जिसको लेकर ग्राम पंचायत भगवंतपुरा के ग्रामीणों ने सरपंच के साथ मिलकर जतारा एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत भगवंतपुरा तहसील लिधौरा में जल जीवन मिशन के तहत श्मशान घाट की जमीन पर लगे टयुबवेल एवं जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया गया है, जबकि ग्राम पंचायत भगवंतपुरा के सरपंच एवं ग्राम पंचायत के सदस्यो की उपस्थिति में ज्ञापन के माध्यम से प्रस्तुत किया है और अपने ग्राम पंचायत के भगवंतपुरा मे जलजीवन मिशन के तहत ट्यूववेल लगाया गया था। उक्त टयूबेल लगाने का उददेश्य ग्राम पंचायत के सभी लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए उक्त दटयूव्वेल खुदवाया गया था। ग्राम की आबादी 2500 है। उक्त ग्राम पंचायत के अंतर्गत (भगवंतपुरा, भगवंतपुरा खिरक, अनन्तपुरा) मे पानी की समस्या अधिक है। जिस कारण से ग्राम के लोगों को सुविधा के लिए शासन द्वारा ट्यूववेल का निर्माण कराया गया था और टयूववेल में अधिक पानी निकला। उक्त ट्यूववेल ग्राम के शमसान घाट पर कराया गया था। जिस पर ग्राम के नजदीक ग्राम पंचायत बावई के फुंद्दन तनय चन्ने कुशबाहा के द्वारा उक्त बोर वेल एवं श्मशान घाट पर जोर जबरन कब्जा कर लिया है। उक्त ट्यूववेल में स्वयं के मोटर डालकर वह स्वयं सिंचाई कर रहा है। जबकि ग्रामीण को पीने के पानी की समस्या के निरा कृरण हेतु लगाया गया था। सरकार ने बताया कि उक्त शासकीय योजना का लाभ ग्रामवासियों के स्थान पर स्वयं लाभांवित हो रहा है। यह कि उक्त श्मशान घाट पिछले 200 वर्षों से है जहां पर ग्राम के लोग अपने परिवार के सदस्यो का अन्त्येष्टी की जाती है तथा उक्त श्मशान घाट का जीणोद्धार पूर्व सरपंच के द्वारा वर्ष 2011 में किया गया था। यह कि उक्त श्मशान घाट की भूमि एवं ट्यूववेल को अनाधिकृत कब्जा से मुक्त कराकर जाने की मांग की है। इस अवसर पर सरपंच रामप्रसाद कुशवाहा, मनीराम चढ़ार, प्रीतम कुशवाहा, कृपाराम, लक्ष्मण, स्वामी प्रसाद, रमेश बांधकर, हरिद्वार कुशवाहा, मातादीन कुशवाहा, भैयालाल कुशवाहा, छोटेलाल, कालीचरण, तुलाराम, बाबूलाल, श्यामलाल, कालीचरण, मोतीलाल, गज्जू, हरिदास, कल्याण आदिवासी आदि के नाम शामिल है।

## नगर में आवारा कुत्ते के काटने से कई लोग घायल

**जतारा, देशबन्धु।** बीते रोज पलेरा के गांव से कुत्ते के आतंक की खबरे चल ही रही थी कि आज जतारा में एक कुत्ते ने लगभग आधा दर्जन लोगों को काट लिया। आज किले के पास जतारा निवासी 16 वर्षीय किशन रैकवार को कुत्ते ने काट कर घायल कर दिया, तो वहीं शाह ग्राम पंचायत के निवासी कृष्णपाल सिंह पायक, जतारा की रचना प्रजापति को भी कुत्ते ने काट लिया था। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है, तो वहीं 13 बर्षीय समीर भी इसी मामले में अपना इलाज करवा रहे है। डॉक्टर ने बताया कि सभी को एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवा दिये गए हैं, तो वहीं दूसरी ओर जब प्रशासन ने स्कूल कोई ध्यान नहीं दिया, तो कुछ लोगों ने उसे कुत्ते को मार दिया। फ्लिहाल नगर मे इस तरह की घटनाओं में लगातार इजाफ़ हो रहा है।

## श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर, ओरछा में श्रीराम राजा को दिया पहला निमंत्रण

**टीकमगढ, देशबन्धु।** श्रीराम नवमी महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। गुरुवार से प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। रामभक्त पहले दिन प्रभातफेरी के बाद ओरछा मंदिर की ओर रवाना हुए। मार्ग में श्रद्धालुओं ने रामभक्तों पर पुष्प वर्षा की।

श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्य विवेक चौरसिया ने बताया कि श्री रामराजा सरकार को रामनवमी महोत्सव का पहला आमंत्रण पत्र दिया जाएगा। यात्रा के दौरान दिगौड़ा, बम्होरी और पृथ्वीपुर में श्रद्धालुओं ने रथ में विराजमान श्रीराम की आरती की। शशांक शेखर तिवारी के अनुसार शुक्रवार को शिव धाम कुंडेश्वर में भगवान भोलेनाथ को निमंत्रण दिया जाएगा। 22 जनवरी से शहर के 27 वार्डों में घर-घर जाकर आमंत्रण



पत्र और धर्म ध्वज वितरित किए जाएंगे। 5 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जाएगी। 6 अप्रैल को नजरबाग मंदिर में श्रीराम नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार पिछले 19 वर्षों से यह पर्व मना रहा है। इस बार शहर में विशेष सजावट की जाएगी और आकर्षक झांकियों की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## कुडीला और टीकमगढ़ के साथ अन्य स्थानों पर हुए कार्यक्रम, निकाली शोभायात्रा

# स्वतंत्रता संग्राम की महानायिका वीरांगना रानी अवंतीबाई का बलिदान दिवस मनाया

**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** जिले के कुड़ीला में 20 मार्च को 1857 के स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन की महानायिका वीरांगना रानी अवंतीबाई का बलिदान दिवस मनाया गया। लोधी समाज की ओर से यह सामूहिक कार्यक्रम खरगापुर के कुडीला गांव में आयोजित किया गया। जहां पर हजारों की संख्या में जिले युवा, महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। कुडीला की गलियों में रैली निकाली गई। डीजे के माध्यम से बजाए गए गीतों पर नृत्य किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल सिंह लोधी द्वारा की गई। वहीं बम्होरी बराना के साथ टीकमगढ़ नगर के कन्या महाविद्यालय में वीरांगना की प्रतिमा पर माल्यापर्ण लोधी समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने वीरांगना के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पूजन किया और वीरांगना के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामगढ़ मंडला की महारानी रानी अवंती बाई ने अंग्रेजों से लोहा लेकर 1857 में अंग्रेजों से युद्ध कर अपना बलिदान दे दिया था। उनका कहना था कि वीरांगना रानी अवंती बाई का जन्म 16 अगस्त 1931 को ग्राम मनकेडी में हुआ था। रानी अवंती बाई ने अपने पति विक्रमादित्य के अस्वस्थ होने के बाद राज्य की बागडोर संभाल ली थी। वह महान वीरांगना थी, जिन्होंने अंग्रेजों से 20 मार्च 1858 को युद्ध लड़ते हुए अपनी तलवार से प्राणों की आहूति दे दी थी। गांव और शहर में निकाली गई शोभायात्रा गुरुवार की दोपहर जतारा, पलेरा, खरगापुर, बल्देवगढ़ के लोग कुडीला में एकत्र हुए। सिर पर पगड़ी और हाथों में केसरिया ध्वज लेकर स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन की महानायिका वीरांगना रानी अवंतीबाई के नारे लगाए। कुडीला की विभिन्न गलियों में शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस यात्रा में सबसे अधिक महिला शक्ति हाथों में केसरिया ध्वज लेकर आगे दिखाई दी। वही टीकमगढ़ नगर में शोभायात्रा निकाली गई। इसके साथ ही बम्होरी बराना, पटौरी, डूडा, गुखरई के साथ अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर शोभायात्रा निकाल गई। जहां पर अतिथियों ने वीरांगना के बारे में जानकारी दी।

## स्कूल में लगा ताला, शिक्षक रहे अनुपस्थित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की तहसील लिधौरा के ग्राम मरगुवां में शनिवार 15 मार्च को शासन द्वारा अवकाश घोषित नहीं किया गया। लेकिन शिक्षकों की मनमानी के चलते शाला में ताला लगा मिला। कोई भी शिक्षक शाला में उपस्थित नहीं हुआ। इस तरह शिक्षा का स्तर जिलें में गिरने पर भी अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शिक्षकों की लापरवाही जिले के काफी विद्यालयों में लगातार जारी है। इसी तरीके से विद्यालय बंद होने की शिकायत है। संकुल केंद्र पर भी आती रहती हैं, लेकिन कार्रवाई न होने से शिक्षक अपनी मनमानी करते रहते हैं।

# सम्मान समारोह : पुलिस अधीक्षक ने 28 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले की प्रतिभाओं के सम्मान एवं प्रोत्साहन हेतु प्रतिभा सम्मान योजना चलाई जा रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 19 मार्च को पुलिस परिसर में स्थित दिशा लर्निंग सेंटर में एक प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दिशा लर्निंग सेंटर में अध्यनरत विद्यार्थी एवं दिशा लर्निंग सेंटर से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सफलता प्राप्त करने वाले 28 प्रतिभागी शामिल हुए। इन 28 प्रतिभाओं में 26 मध्यप्रदेश पुलिस में एवं 2 उत्तरप्रदेश पुलिस में चयनित हुए हैं। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक एवं उपस्थित अतिथियो द्वारा दिशा लर्निंग सेंटर से प्रतियोगिताओं में सफल हुए 28 प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र एवं पुलिस मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही केक काटकर मुंह मीठा कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम में सभी 28 चयनित प्रतिभाओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी एवं बताया कि पुलिस लाइन परिसर में स्थापित दिशा लर्निंग सेंटर संचालित किया जा रहा है, जिसमें अध्ययन के लिए आवश्यक वातावरण उपलब्ध कराया जाता है। विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग बैठने हेतु प्रबंध, ग्रुप स्टडी हेतु आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें 140 छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया गया है, जो प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे लोकसेवा




आयोग, व्यापमं, एसएससी, रेलवे, मध्य प्रदेश पुलिस आदि परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारियाँ कर रहे हैं। जहाँ पर इन्हें वातानुकूलित भवन में फ्री वाईफाई, पुस्तकें, मैग्जीज़, अख़बार आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे छात्र छात्राएं शांत वातावरण में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर अपने परिवार एवं जिले का नाम रोशन कर सकें। अभी तक दिशा लर्निंग सेंटर में अध्यनरत 72 छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण किया जा चुका है। इस कार्यक्रम में श्रीमती लक्ष्मी गिरी, अभयप्रताप यादव, अनुराग वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## हिरण सिंह परते की हत्या के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन आज

### राष्ट्रपति के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

**बैतूल, देशबन्धु।** मंडला जिले में हुए फर्जी एनकाउंटर में बैगा आदिवासी हिरण सिंह परते की मौत को लेकर आदिवासी कांग्रेस द्वारा 21 मार्च को प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा जाएगा। आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रमेश काकोड़िया ने बताया कि विरोध प्रदर्शन सुबह 11:30 बजे रानी दुर्गावती प्रतिमा, बैतूल पर आयोजित किया जाएगा, जहां से कांग्रेस नेता ज्ञापन सौंपने के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय तक जाएंगे। उन्होंने बताया मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया और प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम के निर्देश पर बैतूल जिला आदिवासी कांग्रेस इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही है। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर बैतूल को सौंपा जाएगा, जिसमें पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी। इस प्रदर्शन में आदिवासी कांग्रेस के जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस सहित कांग्रेस के तमाम बड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रमेश काकोड़िया ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता से इस प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

## कुनबी समाज का होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन बैतूल का होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन शिवाजी सांस्कृतिक भवन में हुआ, जहां समाज के परिजनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर उत्सव मनाया। समारोह में जिला अध्यक्ष दिनेश मस्की, सेवा संगठन के मुन्ना मानकर, जिला उपाध्यक्ष सुमन पंडाग्रे, संगठन के सिद्धलता महाले, प्रवीण ठाकरे, नामदेव बारस्कर, रविशंकर पारखे, सुरेश गायकवाड़, पी.डी. चिल्हाटे, डॉ. प्रताप देशमुख, नारायण चढ़ोकार, बी.आर. धोटे, पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य, महिला मंडल एवं समाज संगठन बडोरा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नपा ने वरिष्ठता सूची लगाई, पर फाइनल लिस्ट का अता-पता नहीं

**बैतूल, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद बैतूल में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए वरिष्ठता सूची तैयार करने की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन अब तक अंतिम सूची चस्पा नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी है और वे इसे अपनी अनदेखी मान रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन ने पहले 21 फरवरी 2025 को सूचना जारी की थी कि 31 जनवरी 2025 की स्थिति में वरिष्ठता सूची तैयार कर सूचना पटल पर चस्पा की जा रही है। साथ ही कहा गया था कि अगर किसी कर्मचारी को सूची में कोई आपत्ति हो तो वह 28 फरवरी 2025 तक शाम 5 बजे तक कार्यालय अधीक्षक या स्थापना शाखा में अपने दावे पेश कर सकता है। स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि इसके बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी और अंतिम सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। अब मार्च का महीना चल रहा है, लेकिन फाइनल सूची का कोई अता-पता नहीं है। सूचना पटल पर भी इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है। कर्मचारी कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा। नगर पालिका प्रशासन की यह लापरवाही कर्मचारियों के भविष्य पर असर डाल सकती है। कर्मचारियों का कहना है कि अगर वरिष्ठता सूची समय पर प्रकाशित नहीं होती, तो उन्हें पदोन्नति और अन्य लाभों से वंचित रहना पड़ सकता है। सवाल यह है कि जब 21 फरवरी को सूची प्रकाशित करने और 28 फरवरी तक आपत्तियां लेने की बात कही गई थी, तो फिर अंतिम सूची अब तक क्यों नहीं जारी की गई? नपा प्रशासन की चुप्पी इस मामले को और संदेहास्पद बना रही है।

## महिला हॉकी खिलाड़ी कीर्ति का इंडिया कैंप में चयन

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल की महिला हॉकी खिलाड़ी कीर्ति देशमुख का सपना अब सच होने की दिशा में है। वर्तमान में भारत सरकार के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चयनित होकर, मेजर ध्यांचंद स्टेडियम, नई दिल्ली में 2021 से अपने खेल की प्रैक्टिस कर रही कीर्ति का इंडिया कैंप में चयन हुआ है। यह कैंप 23 मार्च से बेंगलुरु में लगेगा। बैतूल हॉकी टर्फ से कोच पूजा कुरील के मार्गदर्शन और वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी जगेंद्र तोमर के सहयोग से अपने खेल की शुरुआत करने वाली कीर्ति देशमुख पिछले तीन साल से नेशनल टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश टीम का हिस्सा रही एवं बतौर गोल कीपर अपना योगदान दिया। सीनियर इंटर डिपार्टमेंट नेशनल में ऑल इंडिया साई में बतौर गोल कीपर अच्छा खेलने पर नेशनल कैंप के लिए उनका चयन हुआ था। हाल ही में सीनियर इंडिया कैप के लिए उनका चयन हुआ है। वैसे तो मध्य प्रदेश की महिला हाकी में अहम योगदान रहा है,लेकिन कीर्ति बैतूल जिले की पहली हॉकी खिलाड़ी हैं, जो सीनियर इंडिया कैंप में जाएंगी। वे 65 बेस्ट खिलाड़ियों में शुमार हैं। खेलों के इतिहास में देखें तो इंडिया कैम्प में चयन होना एक बड़ी उपलब्धि के साथ ही इंडिया प्रमुख खिलाड़ियों की टीम में शामिल होने की एक सीढ़ी है, जिसमें कड़ी मेहनत की बदौलत पहुंचा जा सकता है। बहरहाल बैतूल की इस खिलाड़ी के इंडिया कैम्प में चयन होने से नेशनल सेंटर ऑफ़ एक्सलेंस के खिलाड़ी और परिजनों, पूर्व हॉकी खिलाडियों में खुशी की लहर है।



# महावत निकला हार्डवेयर व्यवसायी हत्याकाण्ड का मास्टरमाइंड

## पुलिसने 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रापर्टी के लालच में हार्डवेयर व्यवसायी की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में मास्टर माइंड महावत (बाबा) निकला, जिसने अपने रिश्तेदार और सुपारी किलर के माध्यम से हत्या करवाई थी। पुलिस ने मास्टर माइंड महावत और उसके रिश्तेदार को गिरफ्तार कर लिया है वहीं गोली चलाने वाला शूटर खरगोन निवासी अभी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने आज इस हत्याकाण्ड का खुलासा पत्रकारवार्ता के माध्यम से किया है।

एसपी निश्चल एन झारिया ने बताया कि मृतक अशोक पंवार की ससुराल से जुड़ा पूरा मामला सामने आया है। अशोक पंवार की ससुराल आमला में है और उनका साला जो 15 साल पहले लापता हो गया था, जिसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। इसके उत्तर प्रदेश बांदा से हाथी लेकर आमला आए एक महावत विलेश गिरी गोस्वामी को देखकर अशोक की ससुराल वालों को यह लगा कि महावत ही उनका गुमशुदा लडका है। इससे महावत से ससुराल वालों का भाईचारा हो गया। विलेश गिरी गोस्वामी को ऐसा लगने लगा था कि अशोक की ससुराल वाले उसे अपना लडका मानते हैं इसी को लेकर अशोक की पत्नी बबीता रिश्ते में उसकी बहन हो गई थी। विलेश को ऐसा लगता था कि बबीता को उसके ससुराल वाले प्रताड़ित करते हैं। इसके अलावा बबीता के बड़े भाई का उनके जेठ से कोई विवाद भी हुआ था। यहीं से इस घटना की शुरूवात हुई थी और विलेश गोस्वामी और अशोक पंवार के परिवार के बीच में वैचारिक मतभेद शुरू हो गए थे। पुलिस ने बताया कि विलेश को लग रहा था कि अशोक पंवार की हत्या करवाने के बाद उसकी ससुराल की प्रापर्टी में से उसे हिस्सा मिलेगा और उसी हिस्से में से वह दूसरे आरोपी राजेश गिरी को भी हिस्सा देगा। यही उसका प्रापर्टी का लालच था।



**मैसेज से खुलासा राज–** पुलिस ने बताया कि अशोक पंवार के मोबाइल देर रात किए गए मैसेज जो कि डिलीट कर दिया गया था। मैसेज को रिकवर किया गया तो यही से पुलिस को सुराग मिला। दरअसल विलेश गिरी गोस्वामी की बबीता और उसकी बेटी सहित अन्य महिला परिजनों से मोबाइल पर बात होते रहती थी। इसी को लेकर पुलिस ने मोबाइल के मैसेज चेक किए थे। इसके अलावा विलेश गोस्वामी ने दुकान का फोटो भी दूसरे आरोपी को भेजा था और उसके बाद उसे भी डिलीट कर दिया था जिसे पुलिस ने रिकवर कर साक्ष्य के रूप में रखा है।

**बुआ के लडके और सुपारी किलर ने की हत्या–** पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में जो दो आरोपी दिख रहे थे उसमें नीली शर्ट पहने राजेश गिरी गोस्वामी था जो कि विलेश गिरी गोस्वामी की बुआ का लडका है। वहीं दूसरा आरोपी खरगोन निवासी सुपारी किलर है जो कि अभी फरार चल रहा है। अशोक पंवार की हत्या की सुपारी भी विलेश गोस्वामी ने ही दी थी। फरार आरोपी ने ही गोली चलाई थी। दोनों आरोपियों के पास कट्टे थे। एक कट्टा पुलिस ने बरामद कर लिया है, दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद कट्टा बरामद किया जाएगा।

**इनकी हुई गिरफ्तारी–** पुलिस ने बताया कि गंज क्षेत्र में व्यवसायी अशोक पवार की हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों राजेश गिरी गोस्वामी पिता परसुराम गोस्वामी, उम्र 30 वर्ष, निवासी शेरपुर, थाना गैरवा, जिला बांदा (उप्र) एवं विलेश गिरी पिता सेनगिरी महाराज, उम्र 40 वर्ष, निवासी पुरानी बिंदवारी, गांधीनगर, तहसील बांदा (उप्र) को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या का कारण संपत्ति में लालच बताया जा रहा है, जिसमें मृतक की पत्नी के मायके पक्ष द्वारा एक आरोपी को मुंह बोला भाई मानकर संपत्ति में हिस्सेदारी देने की बात कही गई थी। इसी कारण आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।

**रैकी कर दिया घटना को अंजाम–** सीसीटीवी फुटेज की जांच में सामने आया कि घटना से पहले दो संदिग्ध युवक दुकान के आसपास रेकी कर रहे थे और बाद में उनमें से एक युवक दुकान के अंदर घुसकर अशोक पवार को गोली मारता दिखा। इस आधार पर थाना गंज में बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल, निश्चल झारिया द्वारा तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

**गिरफ्तारी में इनकी रही भूमिका–** आरोपियों की गिरफ्तारी में एसडीओपी सुश्री शलिनी परस्ते, एसडीओपी शाहपुर मंयक तिवारी, थाना प्रभारी एवं निरीक्षक अरविंद कुमरे (थाना प्रभारी) निरीक्षक रविकांत डहेरिया, निरीक्षक आबिद अंसारी (प्रभारी, सीन ऑफ क्राइम), निरीक्षक जयपाल इनवाती, निरीक्षक मुकेश ठाकुर, उपनिरीक्षक इरफान कुरैशी, उपनिरीक्षक नितिन पटेल, उपनिरीक्षक राकेश सरयाम, उपनिरीक्षक रवि शाक्य, उपनिरीक्षक गजेन्द्र केन, सहायक उपनिरीक्षक उमेश बिल्लोरे, सहायक उपनिरीक्षक किशोरीलाल सल्लाम, प्रधान आरक्षक, प्रधान आरक्षक हितुलाल, प्रधान आरक्षक चन्द्रकिशोर, प्रधान आरक्षक मयुर, प्रधान आरक्षक सुभाष माकोड़े एवं अनिरुद्ध यादव नितिन, नवीन, शिव, सुरजीत जाट, मोहित भाटी, मनोज कोलारे, नरेन्द्र, धीरज काले एवं आरक्षकनीरज पांडे, सायबर सेल के अश्विनी चौधरी, आरक्षकों में राजेंद्र, बलराम, दीपेंद्र एवं पंकज, विजय, हेमंत, आकांक्षा तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

## बहुचर्चित रविंद्र देशमुख आत्महत्या मामले में नरेंद्र सिंह को मिली जमानत

### कोर्ट ने 30 हजार रुपये की प्रतिभूति पर किया रिहा

**बैतूल, देशबन्धु।** बहुचर्चित रविंद्र देशमुख आत्महत्या मामले में आरोपी नरेंद्र सिंह को बैतूल अदालत ने जमानत दे दी है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार यादव की अदालत ने 30 हजार रुपये की स्थानीय प्रतिभूति और इतनी ही राशि के स्वयं के बंधपत्र पर उन्हें रिहा करने का आदेश दिया।

इस मामले में नरेंद्र सिंह की ओर से अधिवक्ता संदीप रघुवंशी, आशीष ठाकरे और भुवन शाह ने प्रभावी पैरवी की। उन्होंने अदालत में तर्क दिया कि मुख्य आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है और नरेंद्र सिंह के खिलाफ सुसाइड नोट में कोई स्पष्ट आरोप नहीं है। वहीं, राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक गोवर्धन मालवीय ने जमानत याचिका का विरोध किया। अदालत ने पक्षों को सुनने के बाद नरेंद्र सिंह को सशर्त जमानत देने का आदेश दिया। इसके पूर्व में भी उक्त प्रकरण में संदीप रघुवंशी के द्वारा शंभू सिंह की जमानत करवाई गई थी।



अधिवक्ता संदीप रघुवंशी ने बताया कि 55 वर्षीय नरेंद्र सिंह राजपूत, निवासी बगडोना, घोड़ाडोंगरी, पर आरोप था कि वे अन्य सह-आरोपियों के साथ मृतक को प्रताड़ित करने में शामिल थे। हालांकि कोर्ट ने पाया कि सुसाइड नोट के पहले पेज पर नरेंद्र सिंह का नाम नहीं है और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप स्पष्ट नहीं हैं। गौरतलब है कि मृतक रविंद्र देशमुख ने 7 अक्टूबर 2024 को पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उनके 6 पेज के सुसाइड नोट में आरोप लगाया गया था कि रंजीत सिंह, प्रकाश शिवहरे, दीपक शिवहरे, प्रमोद गुप्ता और अभिषेक साहू सहित अन्य आरोपियों ने उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। इससे पहले मुख्य आरोपी प्रकाश शिवहरे, करण उर्फ रामधर, रंजीत सिंह शिवहरे और प्रमोद गुप्ता को सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत दे दी थी। वहीं, सह-आरोपी नाजिया बानो, शमीम, दीपक, अभिषेक, छबिनाथ भारद्वाज, शंभू सिंह और बलीराम को भी विभिन्न अदालतों से जमानत मिल चुकी है। अदालत ने नरेंद्र सिंह को जमानत देते हुए आदेश दिया कि वे हर पेशी पर उपस्थित रहेंगे, किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल नहीं होंगे और अभियोजन पक्ष के गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास नहीं करेंगे। इस फैसले के बाद बहुचर्चित रविंद्र देशमुख आत्महत्या मामले में एक और आरोपी को जमानत मिलने से केस में नया मोड़ आ गया है। अब मामले की आगामी सुनवाई में न्यायालय द्वारा आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी।

### पूर्व विधायक निलय डागा ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा-

## व्यापारियों की पार्टी के राज में व्यापारी ही असुरक्षित

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल में अपराधों की बढ़ती घटनाओं ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मंगलवार रात गंज थाना क्षेत्र में हार्डवेयर व्यापारी अशोक पवार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद पूर्व विधायक निलय डागा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि खुद को व्यापारियों की पार्टी बताने वाली भाजपा के राज में व्यापारी ही सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले से लेकर प्रदेश और केंद्र तक भाजपा की सरकार है, फिर भी अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं है।

गौरतलब है कि मंगलवार रात करीब 9 बजे अशोक पवार अपनी श्याम मशीनरी एंड हार्डवेयर दुकान पर थे, तभी अज्ञात हमलावर ने दुकान के अंदर घुसकर उन पर गोली चला दी थी। गोली सीधे उनके सीने में लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। व्यापारी की हत्या से बैतूल के व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों का कहना है कि शहर में आए दिन आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। पूर्व विधायक निलय डागा ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में अपराधी बेखौफ हो गए हैं और जनता अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। उन्होंने मांग की है कि पुलिस प्रशासन जिले में बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने के लिए ठोस कदम उठाए। श्री डागा ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में शहर में चाकूबाजी, लूट और गोली चलाने की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे व्यापारियों में दहशत का माहौल है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में आम जनता और व्यापारी असुरक्षित हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम है, तो फिर जनता किससे सुरक्षा की उम्मीद करे। उन्होंने प्रशासन से व्यापारियों को सुरक्षा मुहैया कराने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।



### व्यापारी की हत्या संगठित अपराध का नतीजा- कांग्रेस

शहर के व्यवसायिक और व्यस्त क्षेत्र में चोरी और बेरहमी से गोली मारकर हत्या के मामलों से व्यापारियों में डर देखा जा रहा है और इस तरह की घटनाओं को लेकर वे चिंतित हैं। इन स्थितियों को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और वस्तुस्थिति पर चर्चा की।

व्यापारी प्रतिनिधियों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष से कहा है कि हालात चिंताजनक हैं। पुलिस घटनाओं में कथित आरोपियों को पक?ती तो है, लेकिन इसके बाद भी घटनाएं और अपराध रूक नहीं रहे हैं। ऐसी स्थिति में पुलिस की कार्रवाई पर भी प्रश्न चिन्ह हैं। उनका कहना था कि व्यापारी प्रतिनिधियों ने कहा है कि कानून व्यवस्था को लेकर वे संतुष्ट नहीं है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष कहना है कि उन्होंने सभी व्यापारी प्रतिनिधियों से कहा है कि यदि सभी व्यापारी समर्थन करें तो कानून व्यवस्था के मुद्दे पर बैतूल बंद का आव्हान करने को कांग्रेस तैयार है। हर स्थिति में कांग्रेस व्यापारियों के साथ ख?ी हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से हार्डवेयर व्यापारी को गोली मारी गई। यह सुनियोजित तरीके से किया गया संगठित अपराध है और यह पुलिस व्यवस्था के फेल होने का नतीजा है। जिला सेवादल अध्यक्ष अनुराग मिश्रा का कहना है कि वे अधिवक्ता है, इसलिए उक्त घटनाक्रम में जो पुलिस स्टोरी सुना रही है, उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता, क्योंकि उसमें कई तरह के सवाल है। इधर कांग्रेस नेताओं ने साफ शब्दों में कहा कि जिले में दलाल पुलिस सिस्टम में घुसे हुए है और पुलिस के अधिकारी, थाना प्रभारी जिस तरह के लोगों के साथ बात-व्यवहार दिखाते नजर आते हैं, उससे गंभीर सवाल उठता हैं।



## विधायक ने पूर्व विधायककी स्मृति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेंट किया वाटर कूलर

**चिचोली शाहपुर, देशबन्धु।** घोड़ाडोंगरी विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय सज्जन सिंह उइके की स्मृति में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में आमजन एवं मरीजों की सुविधा हेतु वाटर कूलर भेंट किया गया। इस पहल का उद्देश्य मरीजों और उनके परिजनों को गर्मी के मौसम में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर विधायक ने मरीजों में फल वितरण भी किया और उपचाररत मरीजों से स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली।



विधायक श्रीमती गंगा उइके ने कहा, स्वर्गीय सज्जन सिंह उइके जनता के प्रति समर्पित नेता थे। उन्होंने हमेशा क्षेत्र के विकास और जनसेवा को प्राथमिकता दी। उनकी स्मृति में यह पहल की गई है ताकि अस्पताल आने वाले लोगों को पेयजल की कोई समस्या न हो। हमारा प्रयास रहेगा कि स्वास्थ्य केंद्र में अन्य आवश्यक सुविधाओं को भी लगातार बेहतर किया जाए। इस दौरान विधायक गंगा उइके ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु मार्गदर्शन दिया। उन्होंने चिकित्सकों और कर्मचारियों से कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष श्रीमती नीतू गुप्ता, पार्षद आशीष शुक्ला, डॉ. एस.के. रघुवंशी, डॉ. अभिनव शुक्ला, बीपीएम बलदेव नागले, बीसीएम क्रांति यादव, विनोद साहू, पार्षद अंकुर राठौर, हर्षित शुक्ला, श्रीमती दीपिका बोरबन, श्रीमती दीपिका जैन, श्रीमती अनुराधा वर्मा, सुश्री निधि कनेसरा, उमेश पाटील, सोनू प्रजापति, श्रीमती ममता वर्मा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

**स्वर्गीय उइके की राजनीतिक विरासत** – स्वर्गीय सज्जन सिंह उइके वर्ष 2003 से 2008 तथा 2013 से 2015 तक दो बार घोड़ाडोंगरी विधानसभा के विधायक रहे। प्रदेश में उन्हें एक तेजतर्रार आदिवासी नेता के रूप में जाना जाता था, जिन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी राजनीतिक एवं सामाजिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए, विधायक श्रीमती गंगा उइके जनसेवा के प्रति निरंतर सक्रिय हैं।

### मिली महिला चिकित्सक की सौगात

कई समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में महिला चिकित्सक की कमी देखी जा रही थी, जिसको लेकर क्षेत्र की विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके, रोगी कल्याण समिति शाहपुर के सदस्य आशीष शुक्ला एवं श्रीमती अनुराधा वर्मा के द्वारा सतत प्रयास भी किया जा रहे थे, जिसके परिणाम स्वरूप आज डॉ कविता कोरी पीजीएमओ घोडाडोंगरी को सप्ताह में प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में महिला रोग विशेषज्ञ के रूप में अटैच किया गया है। ज्ञात और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में महिला रोग चिकित्सक की कमी के कारण मरीज को बैतूल की ओर प्रस्थान करना पड़ता था, जिसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में महिला रोग विशेषज्ञ उपलब्ध कराने की मांग थी, जिसको रोहित कल्याण समिति के सदस्यों ने अपनी प्राथमिकता पर लेकर सतत रूप से प्रयासरत थे । क्षेत्र में महिला रोग विशेषज्ञ की मांग पूरी होने पर काफी हर्ष का माहौल विकसित है। अब महिलाओं को जिला अस्पताल जाने की अत्यधिक आवश्यकता नहीं होगी। यहीं पर हाई रिस्क गर्भवतियों के साथ ही महिला रोग से ग्रसित मरीजों की जांच व उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में संपन्न हो पाएगा। क्षेत्रवासियों ने की रोगी कल्याण समिति शाहपुर के सदस्यों की सराहना एवं विधायक के प्रति धन्यवाद प्रेषित किया है।



## बैतूल विधायक के प्रयासों से अब 18 मीटर चौडा बनेगा करबला माचना ब्रिज

### ● निर्माण के लिए 18.43 करोड स्वीकृत

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय बैतूल सहित जिलेवासियों के सुलभ आवागमन के लिए बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल के विशेष प्रयासों से करबला माचना पर उच्चस्तरीय ब्रिज के साथ ही इसी मार्ग के नाले पर माइनर ब्रिज का निर्माण होगा।

वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट उक्त निर्माण कार्य के लिए 6.72 करोड रुपए स्वीकृत हुए थे। प्रारम्भिक प्रस्ताव में ब्रिज की चौडाई 12 मीटर प्रस्तावित की थी। चूॅकि करबला माचना पुलिया से नागपुर-भोपाल तथा हरदा-इन्दौर नेशनल हाइवे सहित बैतूल परतवाडा स्टेट हाइवे के जुडे होने से ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव रहता था। परिणाम स्वरूप बैतूल विधायक नें विशेष प्रयास कर सुलभ आवागमन के लिए ब्रिज की चौडाई ली है। अब माचना करबला पर 12 मीटर की बजाए 18 मीटर चौडा ब्रिज बनेगा । साथ ही इस मार्ग पर आगे स्थित नाले पर भी 12 मीटर चौडा और 15 मीटर लंबा ब्रिज बनेगा। उच्च स्तरीय ब्रिज एवं माइनर ब्रिज निर्माण निर्माण के लिए शासन नें 18 करोड 43 लाख रुपए स्वीकृत किए है। तकनीकि एवं प्रशासकीय स्वीकृत के बाद विभाग द्वारा ब्रिज निर्माण के लिए टेंडर लगाए जा चुके है। एजेंसी तय होनें के बाद ब्रिज का निर्माण प्रारम्भ होगा। माचना करबला ब्रिज निर्माण की वर्षो पुरानी मॉग पूरी होने पर जिले की जनता नें मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त किया है।

बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल के विशेष प्रयासों से करबला माचना घाट पर स्वीकृत उच्च स्तरीय ब्रिज की लम्बाई 100 मीटर तथा चौडाई 18 मीटर रहेगी साथ ही यह ब्रिज नदी तल से 8 मीटर ऊंचा रहेगा। इसी मार्ग पर स्थित नाले पर स्वीकृत माइनर ब्रिज 12 मीटर चौडा और 15 मीटर लंबा रहेगा। उक्त दोनों ब्रिजों के निर्माण के लिए शासन नें 18 करोड 43 लाख रुपए स्वीकृत किए है।

**बारिश में भी आवागमन होगा सुलभ** – जिला मुख्यालय बैतूल के समीप करबला घाट स्थित माचना नदी की पुलिया सॅकरी और कम ऊंची होनें के कारण बारिश में अक्सर बाढ आनें से आवागमन अवरूद्ध हो जाता था। साथ ही पुलिया सकरी और कम ऊंची होनें के कारण बा? मे वाहनों सहित वाहन चालकों के बह जाने और नदी मे गिरनें के अनेक हादसे हो चुके है। सुचारू आवागमन के लिए करबला माचना पर बड़े ब्रिज निर्माण की मॉग वर्षो से की जा रही थी। बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल नें आमजन की इस मूलभूत समस्या को गंभीरता से लेकर विशेष प्रयास कर उच्च स्तरीय ब्रिज सहित माइनर ब्रिज स्वीकृत करवाया। उक्त दोनों ब्रिजों का निर्माण होनें के बाद बारिश में भी बैतूल-नागपुर,बैतूल हरदा इन्दौर,बैतूल परतवाडा सहित स्थानीय रास्तों पर आवागमन सुचारू रूप से संचालित होगा। जिससे नगरवासियों,ग्रामीणों ,किसानों,बीमार पीडितो,छात्र-छात्राओं को बारिश में बाड से आवागमन बंद होनें की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी।

## गुरु गोविंद सिंह शाखा ने हर्षोल्लास से मनाई रंग पंचमी



**बैतूल, देशबन्धु।** भारतीय संस्कृति के रंगों से भरे त्योहार रंग पंचमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गुरु गोविंद सिंह शाखा द्वारा उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया गया। यह आयोजन मुकेश धोटे और रविशंकर पारखे के आवास पर सम्पन्न हुआ, जहां स्वयंसेवकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने नगर में घर-घर जाकर तिलक लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान स्वल्पाहार का आयोजन भी किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में गुलाल खेलते हुए आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर अज्जू दयाल, दिनेश सोनी, एन. एस. नगदे, रविशंकर पारखे, मुकेश धोटे, लक्ष्मण बारस्कर, संतोष बुझाड़े, कृष्णा पाटिल, रामाजी गारवे सहित 50 से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी ने आनंद और उमंग के साथ रंग पंचमी का पर्व मनाया।

## लखनऊ ने गोरखपुर को 201 रनों से दी करारी शिकस्त

**बैतूल, देशबन्धु।** लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, कोठी बाजार में जारी अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट राजीव कप में 20 मार्च को समृद्धि क्रिकेट क्लब लखनऊ और गोरखपुर के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया।

गोरखपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन यह फैसला उनके लिए भारी पड़ गया। लखनऊ की टीम ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 337 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। लखनऊ के कप्तान रमन कादयान ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 70 गेंदों में 130 रनों की धुआंधार पारी खेली। उनके साथ आकाश रावत ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 62 गेंदों में 80 रन बनाए। अनुभव ने 33 और सचिन ने 29 रन जोड़े। गोरखपुर के लिए गेंदबाज सत्यम यादव ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 7 ओवर में 4 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोरखपुर की टीम लखनऊ के मजबूत गेंदबाजों के सामने पूरी तरह ढेर हो गई और मात्र 135 रन पर ऑल आउट हो गई। गोरखपुर के लिए सर्वाधिक 48 रन आदित्य त्रिपाठी ने बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज कोई खास योगदान नहीं दे सके। लखनऊ के अनुभव ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए, जबकि आदित्य ठाकुर और मोहित शर्मा ने 2-2 विकेट चटकाए। लखनऊ ने यह मुकाबला 201 रनों के विशाल अंतर से जीतकर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। इस मैच के मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता उमेश डैनी भावसार, भाजपा नेता दीपू सलूजा, गायकवाड मेडिकल के संचालक प्रवीण गायकवाड और कृष्णा नाईक मौजूद रहे। कप्तान रमन कादयान को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच के खिताब से अजय वरवड़े और समृद्धि चोलिया द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं, शतक लगाने वाले रमन को रानू हजारे द्वारा 500 रुपये की पुरस्कार राशि भेंट की गई। आज 21 मार्च को प्री-क्वार्टर फाइनल में बैतूल प्रशासन और समृद्धि क्रिकेट अकादमी लखनऊ की टीम आमने-सामने होंगी।



मुख्यमंत्री कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दो दिवसीय नेशनल हैप्पीनेस सेमिनार में हुए शामिल, बोले-

# सबके जीवन में खुशहाली लाना ही हमारा मूल लक्ष्य

## राज्य आनंद संस्थान एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के बीच हुआ एम.ओ.यू.





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुख और दुःख मनुष्य के जीवन से उसी तरह जुड़े हैं, जैसे दिन के बाद रात। सुख-दुख जीवन के अभिन्न अंग हैं। लोक कल्याणकारी राज्य का प्रथम कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों के जीवन में खुशहाली लेकर आये। हमारी सरकार इसी दिशा में कार्य कर रही है। सबका कल्याण ही हमारा मूल लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्याग, तप, साधना, बलिदान, असंचय, अपरिग्रह और निस्वार्थ सेवा भाव से मन की शांति ही सुख है। प्रकृति के सानिध्य में जब मन, परमात्मा के भावों में लीन हो जाता है, तब ही तादात्म्य ही सच्चा सुखानंद प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आनंद विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल हैप्पीनेस कार्यशाला को संबोधित करते हुए ये विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि लाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि प्रदेश के सभी नागरिकों के जीवन में उल्लास भरने के लिए हमारी सरकार जी-जान से जुटी है।

कार्यक्रम में म.प्र. जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) डॉ. मोहन नागर, रामकृष्ण मिशन, बेलूर मठ, कोलकाता से आए स्वामी समर्पणानन्द, पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश अरोड़ा, आईआईएम इंदौर के पूर्व निदेशक डॉ. एन. रविचन्द्रन, प्रमुख सचिव, आनंद विभाग राघवेन्द्र कुमार सिंह, राज्य आनंद संस्थान के सीईओ आशीष कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सुधिजन एवं आनंदक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक के जीवन में हर्ष, आनंद और खुशहाली लाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के हर वर्ग को लाभान्वित कर रही है। नागरिकों के जीवन में खुशहाली और संतोष ही हमारी सबसे बड़ी सफलता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष राज्य आनंद संस्थान भोपाल एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के बीच एम.ओ.यू (समझौता ज्ञापन) का आदान-प्रदान हुआ। स्वामी समर्पणानन्द जी ने कहा कि हम सभी को प्रकृति के प्रति और परमेश्वर के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। हम अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं के संवाहक बनें और मनुष्य में निहित देव गुणों को उभारें। यह मानव जाति की सेवा के लिए हमें प्रेरित करेगा और जब आप सच्चे मन से किसी की सेवा करते हैं तो जो शांति मिलती है, वही आनंद है और वही जीवन का सार है। प्रोफेसर रजनीश अरोड़ा ने कहा कि आनंद व्यक्ति के भीतर से आता है, पर इसका प्रभाव व्यक्ति के चरित्र से बाहर दिखाई देना चाहिए। व्यष्टि से समष्टि तक चारों ओर आनंद है, पर उस आनंद को हमें खोजना आना चाहिए। व्यक्ति अपने जीवन के सभी कार्य बखूबी निभाता है, तभी उसे जीवन का असली सुख प्राप्त होता है। डॉ. एन. रविचन्द्रन ने कहा कि समाज में परिवर्तन हो रहा है। सब अपने-अपने तरीकों से आनंद खोज रहे हैं। मन के संतोष से ही व्यक्ति को शांति और आनंद मिलता है। अपने काम, कर्तव्य और रिश्तों को ईमानदारी से निभाएं, यही सच्चा सुख है, यही आनंद है।

कार्यक्रम के आरंभ में प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने दो दिवसीय नेशनल हैप्पीनेस सेमिनार के आयोजन की रूपरेखा और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इसके जरिए समाज के सभी वर्गों को जोड़ा गया है। विभाग विविध गतिविधियों से प्रदेश के नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए प्रयासरत हैं और प्रयास जारी रहेंगे। दो दिवसीय हैप्पीनेस सेमिनार में उपस्थित हुए समाजसेवी और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञ ने नागरिकों के जीवन में सुख और आनंद बढ़ाने के उपायों एवं नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की।




*मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसरोवर हॉल में गुरुवार को आयोजित फाग महोत्सव में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य और विधायकों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।*

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज

**भोपाल, देशबन्धु।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 21 मार्च को सुबह 11 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा। उल्लेखनीय है कि होली के कारण 15 मार्च को यह कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सका था।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा उपभोक्ता-जागरूकता प्रदर्शनी लगायी जायेगी। उपभोक्ता जागरूकता दिवस एवं नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किये जायेंगे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी के स्टॉल को पुरस्कृत किया जायेगा। उपभोक्ताओं को जानकारी प्रदान करने के लिए नाप-तौल विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग भारतीय मानक ब्यूरो, (मानकीकरण एवं बच्चों के लिए स्पाट क्विज) भारतीय खाद्य निगम, म.प्र.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन, म. प्र. स्टेट वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन, दुग्ध संघ, स्वास्थ्य विभाग, डाक विभाग, बीमा कंपनी, खाद्य विभाग जिला-भोपाल, न्यूट्रीशनल इंटरनेशनल, प्रमुख स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों द्वारा प्रदर्शनी लगायी जायेगी।

**परिसीमन के मुद्दे पर विपक्षी....** सांसद जब टीशर्ट बदलकर आएंगे तभी सदन चलेगा। डीएमके सदस्यों ने केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन पर अपनी चिंताओं को लेकर दोनों सदनों में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद लोकसभा पहले दोपहर 12 बजे, फिर 2 बजे और उसके बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

**सरकार ने सीबीआई जांच की....** सौरभ शर्मा और शरद जायसवाल और चेतन सिंह को आरोपी बनाया गया है। लेकिन मंत्री के जवाब से विपक्ष संतुष्ट नहीं था। विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे पर सदन में नारेबाजी भी की। इसी बीच अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने अगला ध्यानाकर्षण ले लिया, लेकिन विपक्ष का हंगामा और नारेबाजी जारी रही। कुछ देर बाद विपक्षी सदस्य सदन से बहिगर्मन कर गए।

**हेमंत ने दिखाए शपथ पत्र....** है, इस नियुक्ति पत्र में लिखा है निज सहायक, माननीय मंत्री जी के सूचनार्थ, यह मंत्री कौन थे पता लगाया जा सकता है। उपनेता प्रतिपक्ष कटारे ने कहा कि फर्जी अनुकंपा नियुक्ति की बात मंत्री ने खुद स्वीकार की है। जिस नोटशीट के आधार पर नियुक्ति

## प्रथम पृष्ठ का शेष

हुई थी, उस पर कार्रवाई होगी? एक मंत्री ने एक भी नोटशीट आने पर संन्यास की बात कही थी, वह कब लेंगे। इस पर परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि कलेक्टर नियुक्ति करते हैं, प्रक्रिया में कोई संदेह नहीं है। जांच में जब शपथ पत्र में कुछ बातें गलत मिली हैं तो हमने पुलिस विभाग को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है।

**कुंभकर्ण बनकर पहुंचे विधायक....** कुंभकर्णी नींद में सोई सरकार को जगाने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में मौजूद गांधी प्रतिमा के सामने ये प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक दिनेश जैन कुंभकर्ण बन कर आए और अन्य विधायक हाथ में बीन लेकर चारों तरफ से घेरा बना कर बीन बजाने लगे। करीब दस मिनट तक बीन बजाने के बाद भी जब कुंभकर्ण नहीं जागा तो नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने उसे जगाने की कोशिश की, तब जाकर वह जागा। सिंघार ने जब कुंभकर्ण से पूछा कि वह क्यों नहीं जाग रहा, तब उसने खुद को सरकार बताते हुए कहा कि उसकी जब इच्छा होगी तभी जागेगा। प्रदर्शन के बाद नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि सरकार कुंभकर्ण की नींद सो रही है। इसलिए इस प्रकार से नाटकीय तरीके से प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया गया है।

**मप्र नदियों का मायका, हर....** इसमें शाजापुर विधायक अरूण भीमावद, तराना विधायक महेश परमार सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से क्षेत्र के कुल सौ गावों की 30 हजार 218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उज्जैन जिले की 2 तहसीलों तराना एवं घटिया के 83 ग्रामों की 27 हजार 490 हेक्टेयर तथा शाजापुर जिले की शाजापुर तहसील के 17 ग्रामों की 2728 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। परियोजना का कुल कमाण्ड क्षेत्र 30 हजार 218 हेक्टेयर है। डॉ. यादव ने तराना में जल संसाधन विभाग के 9.64 करोड़ की लागत के इंदौर हाई लेवल ब्रिज, 5 करोड़ 73 की लागत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 5 करोड़ 21 लाख की लागत की 11 नल जल परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने 7 करोड़ 15 लाख रूपये लागत के उप-स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन तथा समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत ग्राम कडेरी में हाई स्कूल भवन निर्माण का भूमि-पूजन भी किया।

**मंदिरों पर बुलडोजर कार्रवाई रोकने....** याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि उन्हें हाई कोर्ट जाना चाहिए। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेज 2 के 3 मंदिरों पूरबो दिल्ली काली बारी, अमरनाथ मंदिर और बद्रीनाथ मंदिर के लिए पेश एडवोकेट विष्णु जैन ने आपात स्थिति का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि रात 9 बजे मंदिरों पर नोटिस चिपकाया गया और सुबह 500 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के साथ बुलडोजर दस्ता वहां पहुंच गया।

**मस्क की कंपनी ने भारत....** गया है कि सरकार धारा 79(3)(बी) की गलत व्याख्या कर रही है और ऐसे आदेश दे रही है, जो धारा 69ए के नियमों का पालन नहीं करते. इस धारा में बताया गया है कि सरकार किन परिस्थितियों में इंटरनेट के कंटेंट को ब्लॉक कर सकती है।
















































पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन**, फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।